www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 न्यायिक जांच की मांग करता विमान हादसा, हमें आवाज उठानी ही होगी

बीएलएड छात्र की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार 04

वर्ष :09 | अंक :28 | मुंबई , शनिवार , 19 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### गम्मीडीपूंडी में लोहे के कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

चेन्नई शहर से लगभग 45 किलोमीटर दूर गम्मीडीपूंडी सिपकॉट (एसआईपीसीओटी) औद्योगिक क्षेत्र में लोहे के एक कबाड़ भंडारण गोदाम में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल तथा बचाव सेवा के कर्मचारी आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को संदेह है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। आगे की जांच जारी है।

### पंजाब में मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अब तक 22 हजार तस्कर गिरफ्तार

पंजाब में मादक पदार्थों के खिलाफ जारी राज्य-व्यापी अभियान के तहत अब तक 22 हजार से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। युद्ध नशियां विरुद्ध अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को 113 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.5 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलोग्राम अफीम और 31,237 नशीली गोलियां बरामद कीं। इस हालिया गिरफ्तारी के बाद, 138 दिनों से जारी अभियान के तहत गिरफ्तारियों की संख्या 22,377 तक पहुंच गई है। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि 93 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से ज्यादा कर्मियों वाले 180 से अधिक पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार को 433 ठिकानों पर छापे मारे। शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत राज्य भर में 81 प्राथमिकियां दर्ज की गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस दलों ने इस दौरान 483 संदिग्ध व्यक्तियों को भी पकड़ा। राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति का गठन किया है जो मादक पदार्थों के विरुद्ध इस अभियान पर नजर रखेगी। डीजीपी ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम (ईडीपी) - लागू की है।

# बदलाव चाहता है बंगाल, पीएम का ममता सरकार पर वार

## बोले- टीएमसी का गुंडा टैक्स बंगाल में निवेश को रोक रहा

**सार्वजनिक रैली को संबोधित**

**नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरूआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है।**



एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह 'सावन' का पवित्र महीना है और इस पवित्र समय के दौरान, मुझे पश्चिम बंगाल के विकास के उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा के पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने हैं और वह 'विकसित पश्चिम बंगाल' का विकास करना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई। आज पश्चिम बंगाल का नौजवान, पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरूआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि मैं आज आपको ये यकीन दिलाने आया हूं कि बंगाल की बदहाल स्थिति को बदला जा सकता है। भाजपा की सरकार आने के बाद, सिर्फ कुछ ही वर्षों में बंगाल देश के शीर्ष औद्योगिक राज्यों में से एक बन सकता है। यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

**प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार, बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी सरकार की ये दीवार गिरेगी**

### आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है :मोदी

मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में विकसित भारत के संकल्प की चर्चा है। इसके पीछे भारत में दिख रहे वो बदलाव हैं जिन पर विकसित भारत की इमारत का निर्माण हो रहा है। इन बदलावों का एक बड़ा पहलू भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर है। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया गया है। पश्चिम बंगाल देश के उन राज्यों में से एक है जहाँ वंदे भारत ट्रेनें बड़ी संख्या में चलाई जा रही हैं। कोलकाता मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आज पश्चिम बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज समर्पित किए गए हैं

### आरजेडी राज में बिहार में विकास पर लगा ब्रेक , दुनिया में पूरब के देशों का दबदबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके अलावा मोदी ने राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ (गोमती नगर) के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज यहां से 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास हुआ है। मैं आप सभी को और सभी बिहारवासियों को इन विकास परियोजनाओं की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। एक समय जो ताकत केवल पश्चिमी देशों के वास होती थी, उसमें अब पूरब के देशों का दबदबा और भागीदारी बढ़ रही है। पूरब के देश अब विकास की नई रफ्तार पकड़ रहे हैं। जैसे दुनिया में पूर्वी देश विकास की दौड़ में आगे जा रहे हैं, वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूरब में मोतिहारी का नाम हो। जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गया जी में भी बनें।

# इंडिया गठबंधन से अलग हुई आम आदमी पार्टी, अब बैठक में भाग नहीं लेंगे नेता

## इंडिया गठबंधन से जुड़ी 'आप' ने खुद को गठबंधन से अलग कर लिया

### विपक्षी सांसद बनाएंगे अपनी रणनीति

मानसून सत्र से ठीक पहले विपक्षी सांसद इस बैठक में अपनी रणनीति बनाएंगे. इससे पहले इंडिया गठबंधन की बैठक लोकसभा चुनाव के बाद 1 जून 2024 को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर ही हुई थी. इसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है. हालांकि, गत जून में ऑपरेशन सिंदूर के बाद इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टी के नेता संसद में मिले थे.



### इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था

इंडिया गठबंधन की शनिवार को होने वाली बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता संजय सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन का गठन विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए किया गया था. गठबंधन की वजह से विपक्षी दलों को 240 सीटें मिलीं, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. वर्तमान में जनता के सामने बीजेपी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी बनने का नाटक करते हैं, लेकिन असल में दोनों ने आपस में गुप्त गठबंधन कर रखा है. ये गठबंधन न वैचारिक है, न सैद्धांतिक. ये एक भ्रष्ट और अवसरवादी समझौता है,

एजेंसी

नई दिल्लीः ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन से अलग-थलग होने का पहले ही संकेत दे चुकी आम आदमी पार्टी अब पूरी तरह इंडिया गठबंधन से अलग हो गई है. शनिवार को इंडिया गठबंधन की होने वाली अहम बैठक में आम आदमी पार्टी भाग नहीं लेगी. इस बैठक में आप पार्टी का कोई भी नेता शामिल नहीं होगा. आप औपचारिक रूप से जून 2023 में गठित इंडिया गठबंधन से बाहर हो गई है. ज्ञात हो कि इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले संसद के विशेष सत्र की मांग करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को लिखे इंडिया गठबंधन के संयुक्त पत्र से खुद को अलग कर लिया था. सांसद संजय सिंह ने इसका मुख्य कारण कांग्रेस नेतृत्व को बताया था. अब 19 जुलाई को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक होने वाली है.इस बैठक में आम आदमी पार्टी के अलावे तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेता अन्य व्यस्तता के चलते शामिल नहीं होंगे. टीएमसी नेता 21 जुलाई को होने वाले शहीद दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त होने की वजह से इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

# मेटा से गलती हुई, लिखा- कर्नाटक सीएम नहीं रहे

## सिद्धारमैया ने नाराजगी जताई, कंपनी

**मेटा को लिखे एक पत्र में, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के वी प्रभाकर ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कन्नड़ अनुवाद की सटीकता पर गंभीर चिंता जताई और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया।**

एजेंसी

फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के शोक संदेश का गलत अनुवाद करने और उनके निधन की झूठी खबर देने वाली ऑटो-ट्रांसलेशन की गलती के लिए माफी मांगी है। टेक दिग्गज ने कहा कि अब यह समस्या हल हो गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सिद्धारमैया का संदेश फेसबुक पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने अभिनेत्री बी सरोजादेवी को श्रद्धांजलि दी थी। त्रुटिपूर्ण अनुवाद में लिखा था, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का कल निधन हो गया। बहुभाषी स्टार, वरिष्ठ अभिनेत्री बी सरोजादेवी के पार्थिव शरीर के दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मेटा को लिखे एक पत्र में, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के वी प्रभाकर ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कन्नड़ अनुवाद की सटीकता पर गंभीर चिंता जताई और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया। मेटा ने अपनी अनुवाद प्रणाली में त्रुटि स्वीकार की। मेटा के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हमने उस समस्या को ठीक कर दिया है जिसके कारण कुछ समय के लिए कन्नड़ अनुवाद में यह त्रुटि हुई थी। हमें खेद है कि ऐसा हुआ।



सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि आधिकारिक संचार के गलत अनुवाद उपयोगकताओं को गुमराह करते हैं और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मेटा प्लेटफॉर्म पर कन्नड़ सामग्री का गलत स्वचालित अनुवाद तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है और उपयोगकताओं को गुमराह कर रहा है। आधिकारिक संचार के मामले में यह विशेष रूप से खतरनाक है। मेरे मीडिया सलाहकार ने मेटा को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर तत्काल सुधार का आग्रह किया है।

### बुजुर्ग को कार में बंद कर ताजमहल घूमने निकला परिवार, गार्ड ने शीशा तोड़कर निकाला बाहर

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के पश्चिमी द्वार पर स्थित पार्किंग क्षेत्र में एक सुरक्षा गार्ड ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को महाराष्ट्र सरकार के स्टिकर वाली एक बंद कार के अंदर बेहोशी की हालत में बंधा हुआ पाया। महाराष्ट्र नंबर प्लेट वाली एक कार को संदिग्ध रूप से काफी देर से खड़ी देखकर, गार्ड ने गौर से देखा तो पाया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति के हाथ-पैर कपड़े से बंधे हुए थे। कार के अंदर की भीषण गर्मी ने उसकी हालत और बिगाड़ दी थी।

# कैश कांड में फंसे जस्टिस वर्मा पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

## सर्वोच्च अदालत द्वारा बनाई कमिटी के निष्कर्षों को ही दी चुनौती

**यह विवाद 14-15 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब दिल्ली स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गई। अग्निशमन अभियान के दौरान, आपातकालीन कर्मियों को घर के स्टोररूम में 500 के नोटों के जले हुए बंडल मिले, जिससे गंभीर संदेह पैदा हुआ। इसके जवाब में सर्वोच्च न्यायालय ने घटना की जाँच के लिए तीन न्यायाधीशों का एक आंतरिक जाँच पैनल गठित किया। पैनल ने न्यायाधीश को दोषी पाया।**

एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर आंतरिक जाँच समिति के निष्कर्षों को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें कदाचार का दोषी पाया गया था। उन्होंने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा की गई महाभियोग की सिफारिश को भी चुनौती दी है और पूरे घटनाक्रम को एक साज़िश बताया है।





### आग लगने की घटना की जाँच शुरू

यह विवाद 14-15 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब दिल्ली स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गई।

**पैनल के निष्कर्ष निम्नलिखित पर आधारित थे**

- 55 गवाहों की गवाही
- एक विस्तृत फोरेंसिक जाँच
- अग्निशमन विभाग के कर्मियों के बयान

अग्निशमन अभियान के दौरान, आपातकालीन कर्मियों को घर के स्टोररूम में 500 के नोटों के जले हुए बंडल मिले, जिससे गंभीर संदेह पैदा हुआ। इसके जवाब में सर्वोच्च न्यायालय ने घटना की जाँच के लिए तीन न्यायाधीशों का एक आंतरिक जाँच पैनल गठित किया।

# कांवड़ियों को उपद्रवी कहना गलत...

## सीएम योगी बोले- यह श्रद्धालुओं को बदनाम करने की कोशिश

**योगी ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रियों को अपराधी और आतंकवादी तक करार दिया जा रहा है। यह उस मानसिकता को दशार्ता है जो हर तरह से भारत की विरासत को कलंकित करना चाहती है।**

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कांवड़ यात्रा के तीर्थयात्रियों को मीडिया ट्रायल से गुजरना पड़ता है, उन्हें बदनामकिया जाता है और यहां तक कि अपराधी और आतंकवादी करार दिया जाता है। योगी ने कहा कि निम्नतम वर्ग से लेकर उच्च वर्ग तक, हर व्यक्ति इस कांवड़ यात्रा से जुड़ा है। यह एकता का अद्भुत प्रदर्शन है। इसमें जाति, क्षेत्र, वर्ग, धर्म या समुदाय का कोई भेदभाव नहीं है। हालांकि, मीडिया ट्रायल हो रहा है और कांवड़ यात्रा को बदनाम किया जा रहा है।



योगी ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रियों को अपराधी और आतंकवादी तक करार दिया जा रहा है। यह उस मानसिकता को दशार्ता है जो हर तरह से भारत की विरासत को कलंकित करना चाहती है। कांवड़ यात्रा भारत में एक प्रमुख वार्षिक हिंदू तीर्थयात्रा है, जिसके दौरान भगवान शिव के भक्त, जिन्हें कांवड़िये कहा जाता है, गंगा जैसी पवित्र नदियों से पवित्र जल इकट्ठा करने के लिए पैदल यात्रा करते हैं और उसे श्रावण के पवित्र महीने में शिव मंदिरों, विशेष रूप से शिवलिंगों पर चढ़ाने के लिए वापस ले जाते हैं।यह यात्रा आध्यात्मिकता, धैर्य और उत्सव का मिश्रण है, लेकिन कई बार यह झड़पों, शोरगुल वाले जुलूसों और सड़क अवरोधों से भी जुड़ी रही है, जिसके कारण इसकी आलोचना हुई है और नियमन की मांग की गई है।

# राहुल गांधी ने ओमन चांडी को दी श्रद्धांजलि दी

## उनकी विनम्रता और ईमानदारी की सराहना की

**राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि तो आप सोच रहे होंगे कि मैं यहाँ क्यों आया हूँ, और आपसे राजनीति और भावनाओं के बारे में क्यों बात कर रहा हूँ? क्योंकि मेरे 21 साल के राजनीतिक जीवन में, भावनाओं की राजनीति के महारथियों में से एक ओमन चांडी जी थे।**

एजेंसी

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को कोट्टायम के पुथुपल्ली स्थित सेंट जॉर्ज ऑर्थोडॉक्स चर्च में आयोजित स्मृति संगम में दिवंगत कांग्रेसी नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी नेताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों ने चांडी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धेय नेता की विरासत को नमन किया।चांडी को जन कल्याण और सेवा के प्रति समर्पित नेता बताते हुए, गांधी ने उनकी विनम्रता और ईमानदारी की सराहना की। राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि तो आप सोच रहे होंगे कि मैं यहाँ क्यों आया हूँ, और आपसे राजनीति और भावनाओं के बारे में क्यों बात कर रहा हूँ? क्योंकि मेरे 21 साल के राजनीतिक जीवन में, भावनाओं की राजनीति के महारथियों में से एक ओमन चांडी जी थे।



**तंज** | कांग्रेस नेता पर हिमंत बिस्वा सरमा का तंज

# क्या गारंटी है कि राहुल गांधी 2026 से पहले जेल नहीं जाएंगे?

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बार फिर से कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कल रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। क्या गारंटी है कि राहुल गांधी 2026 से पहले जेल नहीं जाएंगे? इससे पहले हिमंत बिस्वा सरमा और राहुल गांधी के बीच राजनीतिक टकराव गुरुवार को और बढ़ गया जब सरमा ने गांधी पर राज्य के गोलपारा जिले के एक आरक्षित वन में बेदखली अभियान के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। गुवाहाटी स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए, सरमा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने बुधवार को चायगांव में पार्टी कार्यकताओं के साथ कांग्रेस



की राज्य स्तरीय बैठक के दौरान अतिक्रमणकारियों और भूमि जिहादियों को सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता की टिप्पणियों ने बेदखल परिवारों को गुमराह किया है, और सुबह नए बेदखली अभियान के दौरान पुलिस से उनकी झड़प हो गई। स्थिति तब हिंसक हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पथराव किया और हथियारों से पुलिस पर हमला किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं, जिसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। गोलीबारी में एक कथित अतिक्रमणकारी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और

**गुवाहाटी स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए, सरमा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने बुधवार को चायगांव में पार्टी कार्यकताओं के साथ कांग्रेस की राज्य स्तरीय बैठक के दौरान अतिक्रमणकारियों और भूमि जिहादियों को सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित किया।**

सरमा ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे अपने भाषणों के जरिए हिंसा भड़काते पाए जाते हैं, तो पुलिस कार्रवाई करेगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के इस दावे पर कि राज्य सरकार ने कोई नौकरी नहीं दी है, मुख्यमंत्री ने आज कहा, मैंने नौकरी दी है या नहीं, असम के लोग यह जानते हैं। उन्होंने कहा, हम असम के लोगों के लिए काम कर रहे हैं और जनता यह जानती है। भाषण देने से कुछ नहीं बदलेगा। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले एक लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने अब दावा किया है कि उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल में पहले ही यह आंकड़ा पार कर लिया है तथा अगले साल उनका कार्यकाल समाप्त होने से पहले और अधिक नौकरियां दी जाएंगी।

# तमिलनाडु दिवस तमिलों के इतिहास में एक अनोखा दिन : मुख्यमंत्री स्टालिन



**द्रमुक अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि यही वह दिन था जब महान नेता (पूर्व मुख्यमंत्री) सी एन अन्नादुरई ने राज्य का नामकरण किया और राज्य विधानसभा में तीन बार तमिलनाडु नाम दोहराया, फिर चारों ओर यह आवाज गूंजी।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि 1967 में आज ही के दिन तमिलनाडु को अपनी पहचान मिली थी और यह तमिलों के इतिहास में एक अनोखा दिन है। स्टालिन ने राज्य का नाम रखने में द्रविड़ द्रमुक कषगम (द्रमुक) सरकार के प्रयासों को याद करते हुए कहा, 18 जुलाई 1967 को द्रमुक के सत्ता में आने के बाद इस भूमि की पहचान बदल गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तमिलनाडु दिवस - तमिल समुदाय के इतिहास में एक अनोखा दिन ! वह दिन जब हमें आधिकारिक तौर पर अपना असली नाम तमिलनाडु मिला, एक सपना जो हम वर्षों से अपने दिलों में संजोए हुए थे, एक सपना सच हुआ।

द्रमुक अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि यही वह दिन था जब महान नेता ( पूर्व मुख्यमंत्री ) सी एन अन्नादुरई ने राज्य का नामकरण किया और राज्य विधानसभा में तीन बार तमिलनाडु नाम दोहराया, फिर चारों ओर यह आवाज गूंजी।

## सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार और ईडी, गंभीर मामलों में ठोस कार्रवाई जरूरी

यह एक तथ्य है कि नेताओं नौकरशाहों और उनके करीबियों के भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी एवं सीबीआइ का रिकार्ड कोई बहुत अच्छा नहीं है। यह खराब रिकार्ड भ्रष्टाचार से लड़ने के दावों को खोखला ही साबित करता है। नेताओं नौकरशाहों और उनके करीबियों के भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी लगाम नहीं लग पा रही है। गुरुग्राम जमीन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति एवं व्यवसायी राबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय अर्थात ईडी ने जिस तरह चार्जशीट दायर की, उससे लगता है कि अब वह इस मामले में गंभीर है। इसके चलते राबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन यह पहली बार नहीं है जब ईडी ने राबर्ट वाड्रा के मामलों की जांच करने में तत्परता प्रदर्शित की हो। वह पहले भी ऐसा कर चुकी है, लेकिन उसकी जांच अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ी। राबर्ट वाड्रा नेता नहीं हैं, लेकिन सब जानते हैं कि वे राजनीतिक रूप से शक्तिशाली गांधी परिवार से जुड़े हैं। गुरुग्राम की उनकी जमीन का मामला बहुत पहले सामने आया था। तब सहज ही यह प्रश्न उठा था कि आखिर वे सिर्फ एक लाख रुपये वाली अपनी कंपनी से 58 करोड़ रुपये की जमीन का सौदा कैसे कर सकते हैं? क्या ऐसी सुविधा और किसी को भी मिल सकती है कि कोई जिससे जमीन खरीदे, उसे ही कुछ समय बाद कई गुना मूल्य पर बेचकर मोटा पैसा कमाए? ईडी की मानें तो वाड्रा ने बिना कोई पैसा खर्च किए बड़ा जमीन सौदा कर लिया। स्पष्ट है कि वे ऐसा कर पाने में इसीलिए सफल हुए होंगे, क्योंकि सोनिया गांधी के दामाद हैं। अपने देश में राजनीतिक प्रभाव वाले लोग छिपा-खुला भ्रष्टाचार करते ही रहते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे मामलों में कोई ठोस कार्रवाई कठिनाई से ही होती है। नेताओं से जुड़े मामलों में तो यह कठिनाई कुछ ज्यादा ही दिखती है। यह कठिनाई केवल ईडी के समक्ष ही नहीं, सीबीआइ एवं अन्य एजेंसियों के सामने भी आती है। यह किसी से छिपा नहीं कि नेताओं और नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में ईडी एवं सीबीआइ जैसी एजेंसियां बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं। कभी वे तेजी दिखाती हैं, कभी शिथिल पड़ जाती हैं। जब ऐसा होता है तो सरकारी एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग का आरोप उछलता है। इस आरोप का सहारा लेकर कठघरे में खड़े नेता चुनावी एवं राजनीतिक लाभ लेने की भी कोशिश करते हैं। कई बार वे सफल भी हो जाते हैं। कई मामलों में यह भी देखने को मिला है कि कभी जांच आगे बढ़ी, फिर वह ठहर गई या ठंडे बस्ते में चली गई और फिर यकायक तेज हो गई। यह एक तथ्य है कि नेताओं, नौकरशाहों और उनके करीबियों के भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी एवं सीबीआइ का रिकार्ड कोई बहुत अच्छा नहीं है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** दिन कैसा रहेगाः आज का दिन संतुलित रहेगा. बुजुर्गों से सलाह लाभदायक हो सकती है. करियर/धनः कामकाज सामान्य रहेगा, आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी. पारिवारिक जीवनः पारिवारिक समस्या का समाधान मिलेगा. स्वास्थ्यः तनाव से बचें, दिनचर्या व्यवस्थित रखें. उपायः हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**वृषभः** दिन कैसा रहेगाः दिन खुशियों से भरा रहेगा, जिम्मेदारी मिलने की संभावना है. करियर/धनः आय में मजबूती आएगी, कार्य पूर्ण साथ होंगे. पारिवारिक जीवनः बच्चों से जुड़ी योजना साकार होगी. स्वास्थ्यः खुद के लिए समय निकालना चुनौती भरा हो सकता है. उपायः लक्ष्मी माता को कमल का फूल अर्पित करें.

**मिथुन राशिः** दिन कैसा रहेगाः व्यस्तता से भरा दिन रहेगा. करियर/धनः काम बेहतर रहेगा, लेकिन बहस से बचें. पारिवारिक जीवनः धार्मिक आयोजन संभव है, सामंजस्य बनाए रखें. स्वास्थ्यः मानसिक थकान रह सकती है. उपायः तुलसी के पौधे में जल दें.

**कर्क राशि :** दिन कैसा रहेगाः शानदार दिन, फोकस बनाए रखना जरूरी है. करियर/धनः नए इनकम सोर्स बन सकते हैं, काम में सफलता मिलेगी. पारिवारिक जीवनः रिश्तों में नई ऊर्जा आएगी. स्वास्थ्यः क्रिएटिव कार्यों से मानसिक राहत मिलेगी. उपायः चांदी का छोटा सिक्का जेब में रखें.

**सिंह राशि :** दिन कैसा रहेगाः सुनहरा दिन, लंबे समय से चाही चीज मिल सकती है. करियर/धनः करियर में प्रगति, कार्य योजना अनुसार पूरा होगा. पारिवारिक जीवनः घरेलू जरूरतों की खरीददारी संभव. स्वास्थ्यः संतुलित खानपान रखें. उपायः सूर्य देव को जल अर्पित करें.

**कन्या राशिः** दिन कैसा रहेगाः दिन उत्साहपूर्ण रहेगा.करियर/धनः मेहनत से आर्थिक लाभ संभव, खुद पर भरोसा रखें. पारिवारिक जीवनः बच्चों के साथ अच्छा समय बीतेगा. स्वास्थ्यः खानपान में संयम रखें.उपायः हरे फल का दान करें.

**तुला राशिः** दिन कैसा रहेगाः अनुकूल दिन, भाग्य का साथ मिलेगा.करियर/धनः रुके हुए पैसे मिल सकते हैं.पारिवारिक जीवनः दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी. स्वास्थ्यः योग से लाभ मिलेगा. उपायः मां सरस्वती का पूजन करें.

**वृश्चिक राशि :** दिन कैसा रहेगाः कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी. करियर/धनः कार्यों की सराहना होगी, राजनीतिक लोग चर्चा में रहेंगे.पारिवारिक जीवनः पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी.स्वास्थ्यः मानसिक और शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी. उपायः लाल वस्त्र का दान करें.

**धनु राशि :** दिन कैसा रहेगाः खुशी से भरा दिन रहेगा. करियर/धनः प्रमोशन या धन वापसी के योग हैं. पारिवारिक जीवनः बच्चों की उपलब्धियों से माहौल खुशनुमा रहेगा. स्वास्थ्यः टेंशन कम होगी, मन प्रसन्न रहेगा. उपायः पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं.

**मकर राशिः** दिन कैसा रहेगाः दिन शुभ समाचारों से भरपूर रहेगा. करियर/ धनः धन लाभ के अवसर हैं, सामाजिक कार्यों से मान मिलेगा. पारिवारिक जीवनः संतान सुख की प्राप्ति संभव. स्वास्थ्यः स्वास्थ्य में सुधार रहेगा. उपायः शनिदेव के मंदिर में सरसों का तेल चढ़ाएं.

**कुंभ राशिः** दिन कैसा रहेगाः दिन अच्छा रहेगा, व्यवहार में संयम रखें. करियर/धनः आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, नए संपर्क बनेंगे. पारिवारिक जीवनः संतान से सुख, मित्रों से सहयोग. स्वास्थ्यः पेट संबंधी परेशानी हो सकती है, ऑयली फूड से बचें. उपायः नीले कपड़े पहनें, शनिदेव को तिल चढ़ाएं.

**मीन राशि :** दिन कैसा रहेगाः सामान्य दिन, निर्णय सोच-समझकर लें. करियर/धनः योजनाएं सफल हो सकती हैं. पारिवारिक जीवनः परिवार से जुड़ी समस्याएं सुलझेंगी.स्वास्थ्यः अत्यधिक सोच से बचें.उपायः केले के पेड़ की पूजा करें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# न्यायिक जांच की मांग करता विमान हादसा, हमें आवाज उठानी ही होगी

> किसी खतरनाक पड़ाव से जुड़ी तमाम मौखिक एवं विजुअल चेतावनियों से काकपिट और दोनों पायलटों की स्क्रीन जगमगा उठी होगी लेकिन अफसोस कि इस बिंदु पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस दौरान पायलटों ने बातचीत की होगी जिसका रिपोर्ट में भी उल्लेख है। उन्होंने प्रत्येक चेतावनी को देखते हुए उनके बारी-बारी से निदान का प्रयास भी किया होगा

पा एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ–171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के महीने भर बाद आई विमान दुर्घटना जांच बोर्ड यानी एएआइबी की आरंभिक रिपोर्ट सत्य को सामने लाने से अधिक दिग्गज अमेरिकी कंपनियों के हितों को साधने की कवायद अधिक लगती है। 15 पन्नों की इस रिपोर्ट को देखकर लगता है कि ऐसी नाकारा रिपोर्ट को जारी करने का क्या तुक था? भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार और चौथी सबसे बड़ी आर्थिकी है। सरकारी नीतिगत प्रोत्साहन से कुछ वर्षों के दौरान जहां 250 नए हवाई अड्डे बनने जा रहे हैं, वहीं 2,000 नए विमान भी जुड़ेंगे। ऐसे में, एक बड़े विमान हादसे की जांच का मामला बहुत संभालकर आगे बढ़ाने की जरूरत है, जिस पर दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस आरंभिक जांच रिपोर्ट को लेकर बहुत आपत्तियां सामने आई हैं। एक आपत्ति तो जांच समिति के गठन से ही जुड़ी है। इस समिति में 787 ड्रीमलाइनर के किसी लाइसेंसधारक पायलट या इंजीनियर को तो छोड़िए किसी सामान्य पायलट तक को शामिल नहीं किया गया। इस पर भी सवाल उठते हैं कि भारत सरकार की सर्वप्रमुख विमान दुर्घटना जांच एजेंसी की रिपोर्ट पहले ही कैसे लीक हो गई? रिपोर्ट 12 जुलाई को जारी की गई, पर उससे पहले नौ जुलाई को ही दो विमानन पत्रकारों ने सूत्रों के आधार पर आलेख लिखा कि जांचकर्ता फ्यूल कंट्रोल स्विच के इर्दगिर्द ही जांच का दायरा केंद्रित किए हुए हैं कि यह स्विच पायलटों से जाने–अनजाने में दब गया था। उन्होंने



परिस्थितियों का पूरा विवरण प्रस्तुत किया था। इसके दो दिन बाद द वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने भी फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर इसी तरह की रिपोर्ट प्रकाशित की। इस अखबार ने यह दावा भी किया कि जांच की दिशा को लेकर भारतीय एएआइबी एवं अमेरिकी एनटीएसबी में मतभेद हैं और अमेरिकी एजेंसी ने जांच से अलग होने की धमकी भी दी। अंततः 12 जुलाई को करीब आधी रात के बाद एएआइबी ने रिपोर्ट जारी की, जिससे उस देश को निराशा ही हाथ लगी जो इस मामले में जवाब चाहता था। रिपोर्ट में सबसे बड़ी विसंगति यही है कि 34 सेकेंड में ही क्रैश हो गए विमान के सीवीआर–काकपिट वायस रिकार्डर का पूरा ब्योरा इसमें प्रकाशित नहीं किया गया है। इससे यह समझने में आसानी होती कि आखिर क्या हुआ होगा। यहां तक कि कुछ महत्वपूर्ण घटनाक्रम के समय का भी उल्लेख नहीं किया गया, जैसे पायलटों ने कब कथित तौर पर एक दूसरे से बातचीत की या कब रैट–रैम एयर टरबाइन चालू हुई आदि–इत्यादि। रिपोर्ट को संदिग्ध और रहस्यमयी तरीके से पेश करना भी सवाल खड़े करता है। वाल स्ट्रीट जर्नल ने 17 जुलाई को फिर इस मामले में विमान के मुख्य पायलट पर आरोप मढ़ा। लीक सूचनाओं के आधार पर उसने लिखा कि मुख्य पायलट ने ही स्विच को खींचा था और फर्स्ट आफिसर ने इस पर घबराहट भरी प्रतिक्रिया दी। पहले यह आरोप मद्धम स्वर में लगाया जा रहा था, लेकिन अखबार ने इसे और मुखरता दी। काकपिट में कथित रूप से जो कुछ घटित हुआ, अखबार ने उसकी और बदरंग तस्वीर ही दिखाई। वाल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार एनटीएसबी की मुखिया जेनिफर होमेंडी को यह निर्देश मिला कि वह खुद पूरी रिकार्डिंग सुनें। उसने दावा किया कि अमेरिकी अधिकारी यह भी मानते हैं कि इस मामले में एफबीआइ जैसी एजेंसी भी सक्रिय होनी चाहिए कि अगर इस तरह के मामले अमेरिकी धरती पर घटित हुए तब क्या? भारत में हमारे लिए यह और हैरानी भरा है कि हमें एएआइबी रिपोर्ट से अधिक जानकारियां अमेरिकी मीडिया में लीक से मिल रही हैं। यह रिपोर्ट की संदिग्ध प्रकृति के साथ ही उसे तैयार करने में लापरवाही या लीपापोती के रवैये को दर्शाता है। जिस दिन रिपोर्ट जारी हुई उसी दिन ऐसी अनुभूति हो गई थी कि एनटीएसबी और एएआइबी जितना कुछ जानते हैं, उससे कहीं कम जाहिर कर रहे हैं। उनकी कोशिश जानकारियों को किस्तों में बताने की लगती है। सीवीआर संबंधी ब्योरे का नदारद रहना भी प्रारंभिक रिपोर्ट की एक बहुत बड़ी असफलता है। यह भी संभव है कि एएआइबी द्वारा ध्यान भटकाने के लिए भी यह सब किया जा रहा हो, क्योंकि इस मामले में अभी भी कई तकनीकी पहलू उलझे हुए हैं। जो भी हो इस आरंभिक जांच रिपोर्ट के बाद बोइंग के शेयर साल भर के उच्च स्तर पर पहुंच गए। डब्ल्यूएसजी लीक के बाद यह तेजी और बढ़ गई। इससे यह तो पता चलता है कि आरंभिक रिपोर्ट से किसी को तो लाभ पहुंचा है। वाल स्ट्रीट जर्नल के आरोपों का अभी भी सच्चाई से दूर–दूर तक कोई सरोकार नहीं दिखता। ऐसे में समूची सीवीआर ट्रांसक्रिप्ट रिलीज ही कुछ कारगर असर दिखा सकती है। इसी से पता चल सकता है कि काकपिट के भीतर क्या घटित हुआ? बोइंग ड्रीमलाइनर तमाम चेतावनी प्रणालियों से लैस एक उच्चस्तरीय इलेक्ट्रानिक विमान है जिनमें कुछ प्रणालियां तो अधिकता से जटिलताएं भी बढ़ाती हैं। इन सभी का सीवीआर और डीएफडीआर यानी डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकार्डर में ब्योरा दर्ज होता है। किसी खतरनाक पड़ाव से जुड़ी तमाम मौखिक एवं विजुअल चेतावनियों से काकपिट और दोनों पायलटों की स्क्रीन जगमगा उठी होगी, लेकिन अफसोस कि इस बिंदु पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस दौरान पायलटों ने बातचीत की होगी, जिसका रिपोर्ट में भी उल्लेख है। उन्होंने प्रत्येक चेतावनी को देखते हुए उनके बारी–बारी से निदान का प्रयास भी किया होगा, जिसका परिणाम दोनों इंजन फेल होने और उन्हें रीस्टार्ट करने के रूप में निकला। इसका सेकेंड दर सेकेंड ब्योरा दर्ज हुआ होगा जिसे सीवीआर ट्रांसक्रिप्ट का हिस्सा बनाया जाना चाहिए था। चूंकि इस मामले में जांच सही दिशा में बढ़ती नहीं दिख रही है, इसलिए हमें अपनी आवाज उठानी होगी। मेरा सभी यात्री, पायलट और विमानन संगठनों से अनुरोध है कि वे इसे लेकर कोई जनहित याचिका दायर करें या प्रधानमंत्री से अपील करें कि वे हाई कोर्ट के किसी सेवारत न्यायाधीश से इसकी न्यायिक जांच सुनिश्चित कराएं। इसमें 787 के पायलट और विशेषज्ञ भी शामिल होने चाहिए।

# विपक्ष की लोकतंत्र पर चिंता या सत्तालोभ की राजनीति?

**ललित गर्ग**

भारतीय लोकतंत्र आज विश्व के सबसे बड़े, जीवंत और जागरूक लोकतंत्रों में गिना जाता है। यह संविधान की मजबूत नींव, संस्थाओं की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता से संचालित होता है। परंतु विडंबना यह है कि देश का विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी, बार-बार लोकतंत्र और संविधान पर खतरे की झूठी दुहाई देकर एक अनावश्यक और निरर्थक बहस छेड़ते रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को घेरने एवं दोषी ठहराने के लिये न केवल उन पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान के ही खतरे में होने का राग अलापते हुए उन्हें लांछित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। लोकतंत्र की आत्मा पर इस तरह का प्रहार विपक्ष की भूमिका पर एक बड़ा प्रश्न है। विडम्बना एवं चिन्ताजनक है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं में भी मोदी-भाजपा का विरोध करते-करते देश-विरोध पर उतर जाते हैं, जिससे विदेशों में भारत की छवि का भारी नुकसान होता है और विदेशियों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह रहा है।

नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके सहयोगी जब यह कहते हैं कि देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है, संविधान खतरे में है, तब यह केवल एक राजनीतिक शगूफा प्रतीत होता है, न कि कोई तर्कसम्मत आलोचना। यदि वास्तव में लोकतंत्र खतरे में होता, तो क्या वे हर मंच से खुलकर सरकार की आलोचना कर पाते? क्या संसद, मीडिया, चुनाव आयोग, और न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उनके वक्तव्यों को स्थान देतीं? असल में तो 1975 में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में आये थे जब तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी सरकार




बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत आंतरिक अशांति के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। आजादी के बाद तब पहली और आखरी बार लोकतंत्र खतरे में आया था, तब संविधान भी खतरे में चला गया था। राहुल गांधी अपने गिरेबान में झांकने एवं कांग्रेस के अतीत को देखने की बजाय मोदी-भाजपा पर लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में डालने का बेबुनियाद, भ्रामक एवं आधारहीन आरोप मंढते हैं। इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है। देशभर में एवं अनेक राज्यों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियें बड़ी मात्रा में घुस आये हैं। अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिये इन घुसपैठियों को इन विपक्षी दलों की शह पर ही जगह मिल रही है, ये घुसपैठियें न केवल फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है। यह लोकतंत्र, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं जनसंख्या संतुलन के लिए गंभीर खतरा है, चुनाव आयोग ने इस पर अपना रुख सख्त करते हुए सभी राज्यों में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण का निर्णय लिया है। बिहार में वह ऐसे लोगों की पहचान संबंधी पहल कर चुका है, पर विपक्ष को इस पर आपत्ति है और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी। न्यायालय ने आयोग की इस कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। विपक्ष लम्बे समय से चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है, कभी निष्पक्ष मतदान पर तो कभी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाते रहा है। चूंकि चुनाव ही सत्ता की सीढ़ी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में परास्त होने और अनेक राज्यों में अप्रासंगिक होने से चुनाव आयोग पर आरोप तथा लांछन लगाना विपक्ष के लिए काफी आसान हो गया है। कभी वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों और निर्णयों पर अंगुली उठाता है, कभी उसे भाजपा के इशारे पर काम करने वाला बताता है, कभी ईवीएम, मतदाता सूची में अनियमितता, डाटा देने में विलंब, दलीय पक्षपात आदि का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग की छवि नष्ट करने का प्रयास करता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को हरी झंडी देकर विपक्ष की बोलती बंद कर दी। विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना और वैकल्पिक नीतियों के माध्यम से शासन को दिशा देना होती है। किंतु आज का विपक्ष न तो पाकिस्तान-चीन के खतरनाक मनसूंबों, न गरीबी, न महंगाई, न बेरोजगारी, न सांप्रदायिक सौहार्द, न सीमा पर पड़ोसी देशों की चुनौती, और न ही किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं को लेकर कोई ठोस योजना प्रस्तुत कर पा रहा है और न ही इन बुनियादी मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा पा रहा है। उनकी राजनीति केवल मोदी और भाजपा विरोध तक सीमित होकर रह गई है। जब राजनीति विकास की बजाय विरोध पर केंद्रित हो जाए, तो वह जनहित नहीं, केवल सत्ता की भूख बन जाती है। विपक्षी दल मोदी एवं भाजपा पर लगातार आक्रामक हैं। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। लेकिन भारत की जनता अब परिपक्व एवं समझदार हो गयी है, उसे अच्छा-बुरे में फर्क दिखता है। भाजपा पर तानाशाही, संविधान बदलने की साजिश, जनविरोधी नीतियों जैसे आरोप लगाना विपक्ष की आदत बन चुकी है। किंतु हर बार जनता ने चुनाव में स्पष्ट बहुमत देकर इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जनता जानती है कि ऑपरेशन सिन्दूर, डिजिटल इंडिया, गरीबमुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, महिला आरक्षण, जी-20 की सफल अध्यक्षता, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, गरीबों के लिए मुफ्त राशन, उन्नत सड़के, चमकती रेल एवं चमकते रेल्वे स्टेशन, घर, शौचालय और जल जैसी योजनाएं सिर्फ नारों से नहीं, संकल्प और समर्पण से संभव हुई हैं। क्या राहुल गांधी या इंडी गठबंधन के पास कोई ठोस आर्थिक नीति, सुरक्षा रणनीति, या सामाजिक समरसता का ब्लूप्रिंट है? क्या वे यह बता सकते हैं कि वे भारत को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं, या केवल मोदी विरोध को ही नीति मान बैठे हैं? भारतीय जनता राजनीतिक रूप से परिपक्व हो चुकी है। वह अब भावनात्मक और भ्रामक नारों के बजाय ठोस उपलब्धियों और दूरदर्शिता को प्राथमिकता देती है।

# गरीब देशों की महामारी ?, प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग

**संजीव ठाकुर**

भारत जैसे कई विकासशील देशों में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है। इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है। अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र में पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है, यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं। विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है

# होंगे नंगे चारों ओर, करेंगे दंगे चारों ओर...

## कुणाल कामरा ने जारी किया नया वीडियो, महायुति सरकार पर कसा तंज

**कुणाल कामरा का यह पोस्ट गुरुवार को महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और राकांपा-सपा नेता जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच हुई हाथापाई के बाद आया है।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा परिसर में हुए हालिया हंगामे और हाथापाई को लेकर मशहूर कॉमेडियन कुणाल कामरा ने एक वीडियो जारी करते हुए राज्य की राजनीतिक स्थिति पर कटाक्ष किया है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो में भाजपा और एनसीपी-शरद पवार गुट के विधायकों के बीच हुई झड़प के क्लिप को शामिल किया गया है। जिसे कामरा के चर्चित और विवादित गाने हम होंगे कामयाब की धुन पर संपादित किया गया है। वीडियो में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के भी दृश्य शामिल किए गए हैं, जिसे स्पष्ट रूप से महा युति सरकार पर तंज के रूप में देखा जा रहा है। वीडियो को कानून तोड़ने वाले कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया है। यह वही गीत है जिसे कुणाल कामरा ने इस साल मार्च में अपने स्टैंड-अप स्पेशल 'नया भारत' के दौरान परफॉर्म किया था। वीडियो में इस्तेमाल किया गया गाना वही है जो उन्होंने मार्च में अपने स्टैंड-अप स्पेशल 'नया भारत' के दौरान गाया था, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे को 'गद्दार' कहा था। कुणाल के इस वीडियो पर शिंदे खेमे की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आई थीं। इस साल की शुरूआत में अपने स्टैंड-अप स्पेशल के बाद, कामरा को शिवसेना की युवा शाखा, युवा सेना के सदस्यों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा था। समूह ने मुंबई के खार इलाके में स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में तोड़फोड़ की, जहां कामरा ने परफॉर्म किया था और शो रिकॉर्ड किया था।

# हम किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं है...मराठी-हिंदी विवाद के बीच मुंबई में उद्धव ठाकरे का बड़ा बयान-वीडियो

**महाराष्ट्र में एक बार फिर से भाषा विवाद पर चर्चा छिड़ गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक दिन पहले कहा था कि राज्य में त्रिभाषा फॉमूर्ला जरूर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि 100 फीसदी ऐसा होगा। शुक्रवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे हिंदी विरोध पर बोले।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा विवाद पर एक दिन पहले कहा था कि राज्य में त्रिभाषा फॉमूर्ले में हिंदी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार नए सिर से गठित समिति की रिपोर्ट पर फैसला लेगी। सीएम फडणवीस के बयान बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने साफकिया है कि जबरदस्ती हिंदी को लागू नहीं करने देंगे। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में उद्धव ठाकरे ने कहा कि .मैं मेरी भावनाओं पर कायम हूं। हम किसी भाषा का विरोध नहीं कर रहे, लेकिन सख्ती हम नहीं लागू करने देंगे। फडणवीस ने एक दिन पहले कहा था कि त्रिभाषा सूत्र 100% लागू होगा। कांग्रेस की तरफ से राज्य में मराठी पाठशाला की मांग की जा रही है। इसके जवाब में पिछले दिनों नितेश राणे भड़क गए थे। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में मदरसे बहुत हैं। वहां पर मराठी चालू करवाओ।

### फिर छिड़ गया भाषा का विवाद

महराष्ट्र में छिड़े हिंदी-मराठी भाषा विवाद के बाद उद्धव ठाकरे ने अपने भाई राज ठाकरे केसाथ वर्ली में मंच को साझा किया था। इस कार्यक्रम में दोनोंने कहा था कि वे मराठी अस्मित के मुद्दों पर एक साथ आए हैं। महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बढ़ने पर पहले फडणवीस सरकार ने स्कूलों में त्रिभाषा के तहत हिंदी अनिवार्य किए जाने के आदेश को वापस ले लिया था। इसे बाद सरकार ने एक समिति का गठन किया था। जो यह देख रही है कि त्रिभाषा को कैसे लागू किया जाए। फडणवीस ने कहा था कि तेलगु और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं के लिए छात्र नहीं मिलते हैं। ऐसे में हिंदी ही सिर्फ तीसरी भाषा हो सकती है। फडणवीस त्रिभाषा सूत्र के संदर्भ में नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। इसी बीच उद्धव और राज ने कहा है कि उन्हें हिंदी भाषा से विरोध नहीं है, लेकिन अगर हिंदी थोपी गई तो वे यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। गौरतलब हो कि मराठी भाषा नहीं बोलने पर मनसे के कार्यकताओं ने मीरा रोड 29 जून को एक मारवाड़ी बिजनेसमैन को पीटा था। इसकी काफी तीखी प्रतिक्रिया सामने आई थी।



## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार-2025 अपने रेल सफर की कहानी लिखें और इनाम पाएं

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

जबपुरल । भारतीय रेल आपके सफर की अनकही कहानियों को मंच देने जा रही है. यदि आपके पास रेल यात्रा का कोई यादगार अनुभव है, जिसे शब्दों में पिरोकर दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं, तो रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लें और आकर्षक नकद पुरस्कार जीतें। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई, 2025 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली - 110002 पते पर भेजें। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी में मौलिक और रोचक यात्रा वृत्तांत लिखने वाले प्रतिभागियों को 10,000 (प्रथम पुरस्कार), 8,000 (द्वितीय पुरस्कार), 6,000 (तृतीय पुरस्कार) और पांच प्रेरणा पुरस्कार (प्रत्येक 4,000) दिए जाएंगे। आपकी कहानी 3000 से 3500 शब्दों के बीच होनी चाहिए, जिसे डबल स्पेस में टाइप किया गया हो और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित हो। कुल शब्दों की संख्या भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। साथ ही, अपने वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल जरूर भेजें। यदि आप सरकारी सेवा में हैं, तो आपको प्रमाणित करना होगा कि आपके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है। अन्य प्रतिभागियों को यह पुष्टि करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन नहीं है। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को यह घोषणा करनी होगी कि उनकी रचना मौलिक है और इसे पहले किसी अन्य प्रतियोगिता में पुरस्कृत नहीं किया गया है।

## पश्चिम रेलवे का बोरीवली और गोरेगांव स्टेशनों के बीच रविवार, 20 जुलाई, 2025 को जम्बो ब्लॉक

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई, रेल पथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा बोरीवली और गोरेगांव स्टेशनों के बीच रविवार, 20 जुलाई, 2025 को 10.00 बजे से 15.00 बजे तक अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान गोरेगांव और बोरीवली के बीच अप एवं डाउन स्लो लाइन की सभी ट्रेनें फास्ट लाइनों पर चलाई जाएंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा अंधेरी और बोरीवली की कुछ ट्रेनें गोरेगांव स्टेशन तक हार्बर लाइन पर चलाई जाएंगी।ब्लॉक अवधि के दौरान बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2, 3 और 4 से कोई भी ट्रेन नहीं चलेगी।इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

## मीरा रोड में सेक्स रैकेट का भड़ाफोड़, देह व्यापार के दलदल में धकेलने वाली 'माही' अरेस्ट, दो लड़कियों को छुड़ाया

मुंबईः मीरा रोड में पुलिस ने एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 'माही' नाम की एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह महिला देह व्यापार के दलदल में लड़कियों को धकेलती थी। 'माही' मोबाइल से ग्राहकों से बात करती थी। वह व्हाट्सएप पर लड़कियों की फोटो भेजती थी। फिर पैसे लेकर उनका वेश्यावृत्ति के लिए शोषण करती थी। पुलिस ने दो पीड़ित लड़कियों को भी छुड़ाया है। मीरा-भाईंदर पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने यह कार्रवाई की।पुलिस के मुताबिक, मीरा-भाईंदर में एक महिला लड़कियों से देह व्यापार करवाती है। पुलिस को इसकी खबर मिली।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी पाँच गणपति स्पेशल ट्रेनें

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई, गणपति महोत्सव 2025 के दौरान यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-ठोकुर, मुंबई सेंट्रल-सावंतवाड़ी रोड, बांद्रा टर्मिनस-रत्नागिरी, वडोदरा-रत्नागिरी और विश्वामित्री-रत्नागिरी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09011/09012 मुंबई सेंट्रल-ठोकुर (साप्ताहिक) स्पेशल [4 फेरे]

ट्रेन संख्या 09011 मुंबई सेंट्रल-ठोकुर स्पेशल मंगलवार को मुंबई सेंट्रल से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:50 बजे ठोकुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 अगस्त और 2 सितंबर, 2025 को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09012 ठोकुर - मुंबई सेंट्रल स्पेशल बुधवार को ठोकुर से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:15 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 27 अगस्त और 3 सितंबर 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगांव जं., कारवार, गोकर्ण रोड, कुमता, मुरुडेश्वर, मूकाम्बिका रोड बैंदूर, कुंडापुरा, उडुपी मुल्की और सुरथकल स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09019/09020 मुंबई सेंट्रलझसावंतवाड़ी रोड स्पेशल (सप्ताह में 4 दिन) [20 फेरे]

ट्रेन संख्या 09019 मुंबई सेंट्रल झ सावंतवाड़ी रोड स्पेशल सप्ताह में 4 दिन रविवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 02:30 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अगस्त से 7 सितंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09020 सावंतवाड़ी रोड झ मुंबई सेंट्रल स्पेशल सप्ताह में 4 दिन यानी रविवार, सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन सावंतवाड़ी से 04:50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 20:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 अगस्त से 8 सितंबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, सावर्डा, अरावली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नांदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और जराप स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09015/09016 बांद्रा टर्मिनस झ रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन [6 फेरे]

ट्रेन संख्या 09015 बांद्रा टर्मिनस - रत्नागिरी स्पेशल गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 14:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अगस्त से 04 सितंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09016 रत्नागिरी - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शुक्रवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 12:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अगस्त से 5 सितंबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, करंजाडी, खेड़, चिपलून, सावर्डा, अरावली रोड और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सेकेंड क्लास सीटिंग और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

4. ट्रेन संख्या 09114/09113 वडोदरा - रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल [4 फेरे]

ट्रेन संख्या 09114 वडोदरा-रत्नागिरी स्पेशल मंगलवार को वडोदरा से 11:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 अगस्त और 2 सितंबर, 2025 को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09113 रत्नागिरी-वडोदरा स्पेशल बुधवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:30 बजे वडोदरा पहुँचेगी। यह ट्रेन 27 अगस्त और 3 सितंबर, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, करंजाडी, खेड़, चिपलून, सावर्डा, अरावली रोड और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी फर्स्ट क्लास, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, एसी 3-टियर इकॉनमी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

5. ट्रेन संख्या 09110/09109 विश्वामित्री - रत्नागिरी (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल [10 फेरे]

ट्रेन संख्या 09110 विश्वामित्री - रत्नागिरी स्पेशल बुधवार और शनिवार को विश्वामित्री से 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 अगस्त से 6 सितंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09109 रत्नागिरी - विश्वामित्री स्पेशल रविवार और गुरुवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:30 बजे विश्वामित्री पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 अगस्त से 7 सितंबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, दहानु रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेन, रोहा, मानगाँव, वीर, करंजाड़ी, खेड़, चिपलून, सावर्डा, अरावली रोड एवं संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।ट्रेन संख्या 09011, 09019, 09015, 09114 एवं 09110 की बुकिंग 23 जुलाई, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और कफटळळउ की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail.gov.inल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# संपत्ति कर एवं जल बिल भुगतान के लिए शिविर आयोजन





**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

कल्याण पूर्व कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका द्वारा आयोजित संपत्ति कर एवं जल बिल भुगतान शिविर को मिला नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिसाद ।संपत्ति कर विभाग के अपर आयुक्त योगेश गोडसे और उपायुक्त कंचन गायकवाड़ के मार्गदर्शन में डी वार्ड सहायक आयुक्त उमेश यमगर ने न्यू रचना वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान, रचना पार्क, तीसगाँव, कल्याण (पूर्व) में आयोजित संपत्ति कर और पानी बिल भुगतान शिविर में नागरिकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। इस शिविर में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने कर भुगतान कर्तव्य को पूरा किया। 91 कर भुगतान रसीदों के माध्यम से कुल 1,73,635 रुपये एकत्र हुए, और ऑनलाइन माध्यमों से 91,000 रुपये और जुड़े। इससे मनपा के राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस शिविर के दौरान संपत्ति हस्तांतरण के 5 मामलों का तुरंत निपटारा किया गया। इस सेवा से नागरिकों के समय और धन की बचत हुई और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

# दिनांक 20.07.2025 को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 20.07.2025 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक परिचालित करेगाः

सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार के बीच सुबह 10.55 बजे से दोपहर 15.55 बजे तक अप और डाउन धीमी लाइनसीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.48 बजे से दोपहर 15.45 बजे तक प्रस्थान करने वाली डाउन सेवाएं सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएँगी और भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर विद्याविहार स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएँगी ।घाटकोपर से सुबह 10.19 बजे से दोपहर 15.52 बजे तक छूटने वाली अप स्लो लाइन सेवाएँ विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएँगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी।

सीएसएमटी - चूनाभट्टी/बांद्रा डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.40 बजे से दोपहर 16.40 बजे तक और चूनाभट्टी/बांद्रा-सीएसएमटी अप हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से दोपहर 16.10 बजे तक

सीएसएमटी से सुबह 11.16 बजे से दोपहर 16.47 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएँ और सीएसएमटी से सुबह 10.48 बजे से दोपहर 16.43 बजे तक बांद्रा/गोरेगांव के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएँ निलंबित रहेंगी।



सुबह 9.53 बजे से दोपहर 15.20 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएँ और सुबह 10.45 बजे से शाम 17.13 बजे तक गोरेगांव/बांद्रा से सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएँ निलंबित रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल और कुर्ला (प्लेटफॉर्म संख्या 8) के बीच विशेष सेवाएँ चलेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मेन लाइन और पश्चिम रेलवे के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति है।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढाँचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें ।

# नई ट्रेन काचीगुडा-भगत की कोठी-काचीगुडा का संचालन

## पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

जबलपुर । भारतीय रेल द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान में रखते गाड़ी संख्या 17605/17606 काचीगुडा-भगत की कोठी-काचीगुडा के मध्य नई ट्रेन संचालन का निर्णय लिया गया है। दिनांक 19.07.2025 को गाड़ी संख्या 07615 काचीगुडा-भगत की कोठी को उद्घघाटन स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी एवं गाड़ी संख्या 17605/17606 काचीगुडा-भगत की कोठी-काचीगुडा की नियमित सेवा निम्नलिखित समय स्मरणी के अनुसार होगी,जिसका विवरण निम्नवत है :-

गाड़ी संख्या 07615 काचीगुडा-भगत की कोठी को उद्घघाटन स्पेशल ट्रेन :- उद्घाटन विशेष सेवा दिनाँक 19 जुलाई 2025 को काचीगुडा से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन इटारसी दोपहर 13:10 बजे, नर्मदापुरम 13:38 बजे, रानी कमलापति 15:25 बजे एवं संत हिरदाराम नगर 16:10 बजे पहुँचकर तीसरे दिन सुबह 11:30 बजे भगत की कोठी स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 17605/17606 काचीगुडा-भगत की कोठी-काचीगुडा ट्रेन की नियमित सेवा :-

गाड़ी सांख्य 17605 काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन दिनाँक 20 जुलाई 2025 से प्रतिदिन काचीगुडा से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान कर मार्ग के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन इटारसी रात 20:55 बजे, नर्मदापुरम 21:22 बजे पहुँचकर तीसरे दिन रानी कमलापति मध्य रात्रि 00:25 बजे, संत हिरदाराम नगर 01:15 बजे एवं सीहोर 01:41 बजे पहुँचकर और रात 20:00 बजे भगत की कोठी स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी सांख्य 17606 भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस ट्रेन दिनाँक 22 जुलाई 2025 से प्रतिदिन भगत की कोठी से रात 22:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर शाम 16:30 बजे, रानी कमलापति 17:10 बजे, नर्मदापुरम 19:08 बजे एवं इटारसी रात 19:40 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन दोपहर 15:40 बजे काचीगुडा स्टेशन पहुँचेगी।

ठहराव :- निजामाबाद, नांदेड़, पूर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, मक्सी, उज्जई, रतलाम, जौरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौडगढ़, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, ब्यावर, सोजत रोड, मारवाड़ एवं पाली मारवाड़ स्टेशन।

कोच संरचना :- 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 7 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 2 जनरेटर कार।

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्प लाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.inका प्रयोग करे।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

**वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा निविदा क्र. : ईएल-81-918-डब्ल्यूए-25, दि. 15.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल – रिवायरिंग के जरिए कार्यालयों और सेवा भवनों में विद्युत वायरिंग की सुरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,03,68,404/-. **ईएमडी** : रु. 3,51,900/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 18.08.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 18.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0403

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**विद्युत कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। निविदा नं.: **सोला/क.वि./नि/2025/07R कार्य का नाम**: निम्नलिखित के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य – वाडी यार्ड एनआरडी लाइनों के सीएसएल को बढ़ाने के लिए पाइंट और स्टार्टर सिग्नलों को सोलापुर छोर की और 40 मीटर तक शिफ्ट करना। (पुनर्निविदा) **कार्य की अनुमानित लागत**: रू. 1,13,00,772.98 **बयाना राशि**: रु 2,06,500/– **कार्य पुरा करने की अवधि**: 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समयः **दि. 12/08/2025 को 15.00 बजे**

**व.मं.वि.इं. (क.वि.), सोलापुर** 53

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**विविध कार्य**

**खुली ई– निवीदा सूचना सं– मरे/मरेप्र (कार्य) बीबी/2025/18 दिनांक– 11.07.2025**

**कार्य का नाम –** सीनियर वाडीबंदर में जल आपूर्ति वाल्व, पंप रूम, भंडारण टैंक और जल आपूर्ति वितरण का संचालन। (दो वर्ष के लिए)। **लगभग मूल्य** 40.96 लाख रुपये **बयाना राशि** रू.81900 **समापन अवधि** –24 महीने। **2. कार्य का नाम**– कर्जत 1) क. सीएसएमटी– सीएसएमटी मुंबई स्थित पार्सल भवन में ऑडिटोरियम की क्षतिग्रस्त छत, बीम स्टेज और सांस्कृतिक कक्ष की मरम्मत। ख. सीएसएमटी – सीएसएमटी मुंबई स्थित पार्सल भवन में ऑडिटोरियम शौचालय, सांस्कृतिक कार्यालय शौचालय का नवीनीकरण और मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त डाउनटेक पाइप की मरम्मत। 2) सीएसएमटी– सीएसएमटी मुंबई स्थित पार्सल भवन में अधिकारी विश्राम गृह में कमरा संख्या 6, 7, 17, 18, 19, 22, लाउंज, मार्ग और वातानुकूलित छात्रावास का नवीनीकरण। **लगभग मूल्य** 179.42 लाख रुपये **बयाना राशि** रू में 239700 **समापन अवधि** –8 महीने। **3. कार्य का नाम**– खोपोली में पीएफ 1 लाइन के विस्तार हेतु मौजूदा पुल 113/3 (स्पेन 2*12 मीटर पीएससी गर्डर) पुल का 2*12 मीटर पीएससी स्लैब पुल द्वारा विस्तार, साथ ही 15 डिब्बों वाली ट्रेन चलाने हेतु पुल 106/1 का विस्तार। **लगभग मूल्य** रु.98.38 लाख **बयाना राशि** रू में. 196800 **समापन अवधि** –4 महीने। **4. कार्य का नाम**– एडीईएन (एन) लोनावाला के अधीन 2 वर्षों के लिए पानी के कंटेनर (18 लीटर) जार की आपूर्ति। **लगभग मूल्य** रु.37.67 लाख **बयाना राशि** रू में. 75300 **समापन अवधि**–24 महीने। उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र.1 और 4 दिनांक 31.07.2025, क्र. 2 दिनांक 04.08.2025, क्र. 3 दिनांक 30.07.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृतिक नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क मंडल रेल प्रबंध क (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन–022–67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है। निविदाओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई–400001 के नोटिसबोर्ड'' पर भी उपलब्ध है।

**मंरेप्र (कार्य) मुंबईछशिमट** 272

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभाग : मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)**

**क्र. ई.ई. मेके.(एस)/2619/यां. एवं वि. दि. 18.07.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत तथा महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

| अ. क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1201442_1 | डब्ल्यूडीसी में वर्कस्टेशन्स के एस्थेटिक अपग्रेडेशन हेतु विभिन्न सुविधाओं की मरम्मत और रिफर्बिशमेंट का कार्य. |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए http://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट तथा http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./–

कार्य. अभि. यांत्रिक (दक्षिण)

**पीआरओ/1057/विज्ञा./2025-26**

आइये एकजुट होकर मुंबई को मलेरिया मुक्त करायें.

## सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 5 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , पी.एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी, सांस्कृतिक कार्य विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'महाराष्ट्र राज्य सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल प्रतियोगिता 2025' का आयोजन किया जा रहा है। पंजीकृत संस्थाएँ या लाइसेंस प्राप्त सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए आवेदन केवल पी.एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी, मुंबई की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 20 जुलाई से 20 अगस्त 2025 तक स्वीकार किए जाएँगे और अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता निःशुल्क है और सरकार का उद्देश्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन, संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन हेतु क्रियान्वित गतिविधियों, किलों, राष्ट्रीय, राज्य स्मारकों, धार्मिक स्थलों के संरक्षण , संवर्धन, जनजागृति , संरक्षण , संवर्धन, विभिन्न सामाजिक गतिविधियों , कार्यों, पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों, पर्यावरण-अनुकूल सजावट, शोर-मुक्त वातावरण, गणेश भक्तों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और सामाजिक गतिविधियों की संख्या बढ़ाने के आधार पर प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करना है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन इन्हीं मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। 27 अगस्त से शुरू होने वाले गणेशोत्सव के दौरान, सभी जिलों के कलेक्टर कार्यालयों द्वारा गठित एक जिला-स्तरीय समिति इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समूहों या संगठनों के उत्सव स्थल का दौरा करेगी और जिला-स्तरीय मूल्यांकन पूरा करेगी। राज्य-स्तरीय मूल्यांकन के लिए कुल 44 सिफारिशें स्वीकार की जाएंगी, जिनमें मुंबई, मुंबई उपनगरीय, ठाणे और पुणे जिलों से 3-3 और इन 4 जिलों को छोड़कर शेष 32 जिलों से एक-एक सिफारिश शामिल है। प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सभी को अपने-अपने जिले के जिलाधिकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। राज्य स्तरीय परीक्षा में प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 5 लाख, 2.5 लाख और 1 लाख रुपये के पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अन्य विजेताओं को 25 हजार रुपये के पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने पंजीकृत संस्थाओं या लाइसेंस प्राप्त सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# एनएमएमसी भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन 15064 अभ्यर्थियों ने दी ऑनलाइन परीक्षा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , मनपा की सीधी सेवा भर्ती 2025 परीक्षा के तीसरे दिन आज 12 जिलों के 28 परीक्षा केंद्रों पर कुल 15064 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के 30 संवर्गों के 668 पदों के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के माध्यम से 12 जिलों के 28 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी और नियंत्रण के लिए, मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में, नवी मुंबई मनपा के प्रथम श्रेणी के वरिष्ठ अधिकारियों को समन्वय अधिकारी और 29 अधिकारियों को केंद्र निरीक्षक नियुक्त किया गया है। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक इस पहले सत्र में 5668 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दोपहर 1 से 3 बजे तक। दूसरे सत्र में 5053 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। तीसरे सत्र में, शाम 5 से 7 बजे तक, 4343 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार, एनएमयू सीधी सेवा भर्ती प्रक्रिया के तीसरे दिन 15064 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। भर्ती परीक्षा के पहले दिन 21115 अभ्यर्थियों, दूसरे दिन 18442 अभ्यर्थियों और आज तीसरे दिन 15064 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इन तीनों दिनों की परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई और शेष एक दिवसीय परीक्षा की भी समुचित योजना बनाई गई है।

परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने वाले पात्र अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रवेश पत्र ऑनलाइन भेज दिए गए हैं और वे इसे डाउनलोड करके अपना प्रवेश पत्र लेकर प्रवेश पत्र में दिए गए समय पर परीक्षा स्थल पर उपस्थित हों। प्रत्येक अभ्यर्थी इस बात का गंभीरता से ध्यान रखें कि यदि वे प्रवेश पत्र में दिए गए समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो अभ्यर्थी नियमानुसार परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। नवी मुंबई मनपा की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और नियमों के अनुसार है और अगर नौकरी पाने के लिए किसी भी प्रकार की मांग की जाती है, तो उम्मीदवारों को सतर्क रहने और स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जाती है। किसी भी भर्ती घोटाले और प्रलोभन का शिकार हुए बिना और अफवाहों पर विश्वास किए बिना, उम्मीदवारों को परीक्षा के बारे में आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए मनपा की वेबसाइट www.nmmc.gov.in के साथ-साथ मनपा के आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों पर भी जाना चाहिए, एनएमएमसी आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने इस आशय की अपील की है।

फास्ट ट्रैक

## होटल में अवैध गतिविधि का भंडाफोड़

### शाहजहांपुर में दो युवक–युवतियां पकड़े गए, होटल मैनेजर हिरासत में

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ स्थित एक होटल में अवैध गतिविधियों का मामला सामने आया है। स्थानीय संगठन की सूचना पर की गई कार्रवाई में दो युवक और दो युवतियों को पकड़ा गया। होटल में घंटों के हिसाब से कमरे दिए जा रहे थे। यह होटल अजीजगंज पुलिस चौकी से मात्र कुछ कदम की दूरी पर स्थित है। संगठन के पदाधिकारियों को सूचना मिलने पर उन्होंने होटल में छापामारी की। कमरों के दरवाजे अंदर से बंद मिले। दरवाजे खुलवाने पर युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। कमरों से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को पुलिस चौकी ले गई। होटल मैनेजर को भी हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी युवक-युवतियां बालिग हैं। उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और भविष्य में ऐसी गतिविधियों में शामिल होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



## शिव मंदिर की बाउंड्री गिराने का विवाद

### तहसील प्रशासन का दावा– आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया, मंदिर को नुकसान नहीं

शाहजहांपुर, जलालाबाद तहसील में शिव मंदिर की बाउंड्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। तहसील प्रशासन ने 14 जुलाई को बुलडोजर से मंदिर की बाउंड्री को गिरा दिया। मंदिर के निर्माणकर्ता अरविंद कुमार का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्रवाई की गई। अरविंद कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि मंदिर दुलरामई गांव की गाटा संख्या 2 में 200 वर्ग मीटर भूमि पर स्थित है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई दुलरामई निवासी अजीत की शिकायत पर की गई। उन्होंने बिना कानूनी प्रक्रिया के बाउंड्री गिराने को धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया है। तहसीलदार जलालाबाद पैगाम हैदर का कहना है कि यह कार्रवाई नवीन परती की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए की गई। उन्होंने बताया कि 2023 में भी राजस्व टीम ने कब्जा हटाया था। शिकायतकर्ता अनिल कुमार की हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया है। अरविंद कुमार ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और मंदिर की बाउंड्री का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही न्यायोचित कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं तहसीलदार का कहना है कि मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है और सभी आरोप निराधार हैं।

## अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्रवाई

### बिना डिग्री के टेक्नीशियन कर रहा था अल्ट्रासाउंड, सेंटर सील

शाहजहांपुर, तिलहर नगर में एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रशासन ने सील कर दिया है। सरकारी अस्पताल के पास स्थित लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब एडीएम ने अल्ट्रासाउंड कर रहे टेक्नीशियन से उसकी डिग्री दिखाने को कहा, तो वह डिग्री लाने के बहाने से वहां से चला गया और वापस नहीं लौटा। केंद्र में मानक के अनुसार कई अन्य खामियां भी पाई गईं। एडीएम के निर्देश पर एसीएमओ पीपी श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को तुरंत मौके पर भेजा। टीम ने सेंटर को सील कर दिया। एडीएम ने स्पष्ट किया कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राशन अनियमितता और कालाबाजारी के विरोध में अंबरनाथ में शिवसेना ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन ।

### शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के नेतृत्व में राशनिंग कार्यालय पर आंदोलन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे राशन से अपनी भूख मिटाने वाले आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग जो मजदूरी करके अपना जीविकोपार्जन करते है निरंतर अनेक वर्षों से राशन विभाग में हो रही अनियमितता और कालाबाजारी से त्रस्त हो चुके हैं। शुक्रवार को इनकी आवाज बनते हुए शिवसेना शहर प्रमुख पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद वालेकर, पूर्व नगराध्यक्ष मनीषा वालेकर, पूर्व नगरसेवक राजेंद्र वालेकर और युवासेना कल्याण लोकसभा निरीक्षक एडवोकेट निखिल वालेकर के नेतृत्व में अंबरनाथ पश्चिम स्थित राशनिंग कार्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया। अंबरनाथ पश्चिम के भास्कर नगर, बुआपाड़ा, खुंटवली, खामकरवाड़ी , अन्ना पाटिल नगर, गणेश नगर टेकड़ी, मुरलीधर नगर, संजय नगर, बालाजी नगर, हाउसिंग बोर्ड, दीपक नगर, चिंचपाड़ा, जवसाई, उलनचॉल के साथ-साथ अंबरनाथ पूर्व के भीमनगर, बारकुपाड़ा, महालक्ष्मी नगर, अंबेडकर नगर, चिखलोली और आस-पास के सभी आदिवासी गांवों के नागरिकों की तरफ से कई वर्षों से राशन से संबंधित अनेक बिंदुओं पर शिकायतें मिल रही थी कि राशन वितरण सुचारू रूप से नहीं हो रहा है और नागरिकों की शिकायतों पर विभाग की तरफ से की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ये आरोप लगते रहे कि आम नागरिकों से फिंगर प्रिंट लेकर उन्हें राशन कम दिया जाता है। अंबरनाथ शहर के लगभग सभी राशन दुकानदार और अधिकारी करोड़ों रुपयों की कालाबाजारी और भ्रष्टाचार में शामिल हैं। प्रत्येक राशन की दुकान से महीने में 4 से 5 टन माल बेचा जाता है। शुक्रवार को शिवसेना नेताओं और कार्यकताओं ने राशन वितरण अधिकारियों से मुलाकात कर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए जैसे प्रत्येक व्यक्ति को कितना राशन मिलता ये बात सार्वजनिक करना और लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना। यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक राशन वाहन राशन कार्यालय पहुंचे? इसकी फोटो व वीडियो बनाकर प्रकाशित करना, यह सुनिश्चित करना कि पूरा राशन वाहन राशन वितरण दुकान पर जा रहा है और यह सुनिश्चित करना कि इसका वितरण समय पर व सरकार द्वारा दी गई मात्रा में हो। शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना और प्रतिदिन आने वाले राशन वितरण वाहनों का विवरण प्रकाशित करना जिससे पारदर्शिता और मजबूत होगी। नागरिकों को मदद करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराना। राशन की दुकानें दुकानें समय पर खुले और समय पर ही बंद हो। बायोमेट्रिक अंगूठा लगाने के बाद रसीद देना अनिवार्य करना आदि ऐसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को ज्ञापन में प्रस्तुत किया। उक्त विरोध प्रदर्शन में पूर्व नगरसेवक राजू शिर्के, पद्माकर दिघे, अरुण कुमार सिंह, शशांक गायकवाड, प्रकाश डावरे सर, मिलिंद गान, संजय गावड़े, अरविंद मालुसरे, सुरेश कदम, विभाग प्रमुख चन्द्रशेखर बैनी, राजाराम लोटे, श्रीनिवास वाल्मिकी, भरत पेटकर, योगेश गोरे, दीपक पवार, महिला अघाड़ी शहर संगठक नीता परदेशी, पूर्व नगरसेविका गीता दामसे, रेखा करंजुले आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' में देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहरों की 'सुपर स्वच्छ लीग' में नवी मुंबई शीर्ष पर

### 'नागरिक प्रतिक्रिया' श्रेणी में भी देश का सर्वश्रेष्ठ शहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' के लिए परिवर्तित रैंकिंग प्रणाली के अनुसार, पिछले 3 वर्षों से लगातार शीर्ष स्थान पर रहने वाले शहरों की एक अलग श्रेणी की घोषणा की गई है। इसमें नवी मुंबई को देश के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची में शामिल किया गया है। सुपर स्वच्छ लीग में 10 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों में नवी मुंबई, इंदौर, सूरत और विजयवाड़ा शामिल हैं, और इसी के चलते नवी मुंबई ने स्वच्छ शहरों की रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त करके महाराष्ट्र राज्य का गौरव भी बढ़ाया है। इसी तरह, नवी मुंबई ने कचरा मुक्त शहर के लिए सर्वोच्च 'सेवन स्टार' रेटिंग के साथ-साथ ओडीएसी श्रेणी में सर्वोच्च 'वाटर प्लस' रेटिंग भी बरकरार रखी है। इसने 'नागरिक प्रतिक्रिया' श्रेणी में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश का 'सर्वश्रेष्ठ शहर' का खिताब भी जीता है। स्वच्छता में निरंतरता बनाए रखने वाले देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहरों की 'सुपर स्वच्छ लीग' में हमारे नवी मुंबई शहर का शामिल होना प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है और आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा है कि नवी मुंबई के प्रत्येक नागरिक और सफाई कर्मचारी ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसलिए, नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह में सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थे। नवी मुंबई मनपा ने हमेशा अभिनव और व्यापक स्वच्छता पहलों को लागू करके भारत के अन्य शहरों के लिए एक मानक स्थापित किया है। 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' का सामना करते हुए, 'सुपर स्वच्छ लीग' में शामिल होने के लिए 85 प्रतिशत से अधिक अंक बनाए रखना अनिवार्य था। इसमें नवी मुंबई महानगरपालिका ने मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में जनभागीदारी पर जोर देते हुए कई उल्लेखनीय परियोजनाओं को क्रियान्वित किया। सफलतापूर्वक गतिविधियों का आयोजन किया और 'सुपर स्वच्छ लीग' की सर्वोच्च श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराया। इसमें उल्लेखनीय परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया गया।

# स्कूल मर्जर से नाराज छात्र पहुंचे कलेक्ट्रेट

- ढाई किलोमीटर दूर स्कूल जाने से मना कर रहे बच्चे, बारिश में नाले पार करना मुश्किल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, कांट ब्लॉक में कादरदादपुर जाटव गौटिया प्राथमिक विद्यालय को दूसरे स्कूल में मिला दिया गया है। इस फैसले के विरोध में बच्चे और अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे। अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में वर्तमान में 38 बच्चे पढ़ रहे हैं। यह क्षेत्र का एकमात्र स्कूल है। जिस स्कूल में इसे मिलाया गया है, वह करीब ढाई किलोमीटर दूर है। रास्ते में दो बड़े नाले हैं, जो बारिश के मौसम में भर जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुराने स्कूल की स्थिति अच्छी थी। दो छोटे मजरों के बच्चे यहां पढ़ते थे। एक मजरे से स्कूल की दूरी सिर्फ 500 मीटर है। नए स्कूल की दूरी और रास्ते की असुविधा के कारण कई अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है। गांव की अधिकतर आबादी अनुसूचित जाति की है और आर्थिक रूप से कमजोर है। क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही थी, लेकिन मर्जर के बाद बच्चों की संख्या घट रही है। अभिभावकों ने प्रशासन से मर्जर का आदेश रद्द करने की मांग की है।

# महाराष्ट्र महिलाओं के सम्मान के लिए काम करेगा, सब मिलकर संकल्प लें - विजया रहाटकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे (युनिस खान) हम सब मिलकर संकल्प लें कि महाराष्ट्र महिलाओं के सम्मान के लिए काम करेगा और कानून को इस तरह लागू करेगा, यह अपील राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने आज जिला योजना समिति हॉल में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH अधिनियम) के अंतर्गत आंतरिक समितियों के अध्यक्षों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में की। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. स्वामी, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष शिवानी डे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिश्चंद्र पाटिल, राज्य महिला आयोग की उप सचिव डॉ. पद्मश्री बैनाडे, महिला एवं बाल विकास विभाग के परिवीक्षाधीन अधीक्षक दत्तात्रेय मुंडे, विभागीय उपायुक्त सुवर्णा पवार, निवासी उप जिला कलेक्टर डॉ. संदीप माने, उमेद की परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, उप जिला कलेक्टर (सामान्य प्रशासन) रूपाली भालके, उप जिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने, पुलिस उपायुक्त रश्मि नांदेडकर, पूर्णिमा चौगुले, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नमिता शिंदे, विभिन्न सरकारी कार्यालयों से पॉश अधिनियम के तहत गठित आंतरिक समिति (आईसी) अध्यक्षों के साथ-साथ उनके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों के आईसी अध्यक्ष, बड़ी संख्या में महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने आगे कहा कि यह कानून सभी के लिए समान है और राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के सर्वांगीण विकास, पीड़ित व शोषित महिलाओं को न्याय, महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करता है। देश में महिलाओं के लिए 17 विभिन्न प्रकोष्ठ कार्यरत हैं और इनके माध्यम से महिलाओं के लिए विभिन्न कार्य किए जाते हैं। महिलाओं के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है, लेकिन कुछ कार्यालयों में ये समितियाँ केवल कागजों पर ही हैं। ये वास्तव में कार्य नहीं करतीं। इस समिति को सिविल न्यायालय के समान अधिकार प्राप्त हैं। यह समिति प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष व गोपनीय जाँच करती है और न्याय प्रदान करती है। सभी कार्यालयों में समिति की बैठक तीन माह में एक बार अवश्य होनी चाहिए। महिलाओं की समस्याओं का समाधान चर्चा के माध्यम से करने का प्रयास किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का परिचय ज़िला कलेक्टर अशोक शिंगारे ने दिया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर का परिचय कराया। ज़िले में शिकायत निवारण समिति की समीक्षा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्यों द्वारा तुलसी के पौधे में जल डालकर और दीप प्रज्वलित करके की गई। श्रीमती विजया रहाटकर का स्वागत जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे ने पुष्पगुच्छ, तुलसी का पौधा, एक पुस्तक और सरकार के मुखपत्र ₹लोकराज्य₹ पत्रिका का एक अंक भेंटकर किया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय महिला आयोग की तुनिका शर्मा ने उपस्थित लोगों को पॉश एक्ट के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों, जिला परिषद के जिला कार्यक्रम अधिकारी और सभी शहरी एवं ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा वाडेकर ने किया।

## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

### बरेली में चल रहा था इलाज, खेत की रखवाली कर चाये पीने घर लौट रहे थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना बंडा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग किसान की जान चली गई। बाजाली नगर के रहने वाले 70 वर्षीय मथुरा प्रसाद अपने खेत की रखवाली करने के बाद घर लौट रहे थे। बिलसंडा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मथुरा प्रसाद को पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां से उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज और फिर बरेली रेफर किया गया। बरेली में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाइक छोड़कर फरार हुआ मथुरा प्रसाद का खेत उनके घर से करीब एक किलोमीटर दूर था। वह रोजाना रात में खेत पर रहकर रखवाली करते थे। हादसे के बाद बाइक सवार युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

# मध्य रेल आरपीएफ टीम, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, बैंगलोर और अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी) कुर्ला, मुंबई ने मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया - 36 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई में, मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पनवेल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) बैंगलोर और अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी) कुर्ला, मुंबई द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के परिणामस्वरूप दिनांक 18.07.2025 को ट्रेन संख्या 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम मंगला एक्सप्रेस में भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया। ट्रेन संख्या 12618 मंगला एक्सप्रेस में मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में एनसीबी बैंगलोर को मिली सूचना के आधार पर, श्रीमती अंजनी बाबर की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। आईपीएफ/आरपीएफ पनवेल, श्री प्रहलाद सिंह, एएसआई/आरपीएफ पनवेल, श्री मुरारी लाल और श्री मधुसूदन विश्वकर्मा, खुफिया अधिकारी, एनसीबी बैंगलोर, श्री सतीश कुमार यादव, आईपीएफ/सीआईबी पनवेल, श्री नवीन सिंह, एसआईपीएफ/ सीआईबी कुर्ला, श्री प्रहलाद पाटिल, सुश्री ज्योति कुशवाह और श्री धीरेंद्र यादव।त्वरित कार्रवाई करते हुए, टीम ने पनवेल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 पर ट्रेन के पहुँचने पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, कोच ए-2, सीट संख्या 27 पर एक नाइजीरियाई महिला, एक शिशु के साथ, एक बहुरंगी ट्रेवलिंग बैग लिए हुए मिली। उसने अपना नाम एतुमुदोन डोरिस बताया, जिसके पास नाइजीरियाई पासपोर्ट संख्या अ06895991 था और उसने दावा किया कि उसके साथ मौजूद बच्चा, जिसका नाम ₹मिरेकल₹ था, उसका अपना है। गवाहों की उपस्थिति में पूछताछ करने पर, महिला ने नशीले पदार्थ ले जाने की बात कबूल की। उसे आरपीएफ पोस्ट पनवेल लाया गया और उसके सामान की गहन तलाशी ली गई। बहुरंगी ट्रैवल बैग के अंदर, अधिकारियों को रबर के कपड़े में लिपटे दो आयताकार काले पैकेट मिले, जिन पर ₹विंटेजर₹ लिखा था। ड्रग डिटेक्शन किट से जाँच करने पर, उनमें कोकीन पाया गया। कुल 2.002 किलोग्राम कोकीन बरामद हुई।आगे की जाँच में मुख्य कैरी बैग के अंदर लाल और नीले रंग का मिकी माउस थीम वाला बच्चों का बैग मिला। इस छोटे बैग में दो कागजी पैकेट थे—एक पर ₹केलॉग्स कॉर्न फ्लेक्स₹ और दूसरे पर ₹बोंगची परफेक्ट रोल₹ लिखा था। इन पैकेटों में 1.488 किलोग्राम वजनी सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ पाया गया, जिसकी पहचान मेथामफेटामाइन के रूप में हुई।जब्त किए गए नशीले पदार्थों, जिनका कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग ?36 करोड़ है, को एनसीबी बैंगलोर के जूनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर, श्री मुरारी लाल ने अपने कब्जे में ले लिया। नाइजीरियाई महिला को केस 21/2025/बीजेडयू में आरोपी संख्या 3 बनाया गया है, और जाँच अधिकारी की देखरेख में आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है। यह अभियान विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अनुकरणीय समन्वय और भारत के रेल नेटवर्क के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी को समाप्त करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी से मारपीट

- विरोध में हड़ताल, एडीएम के आश्वासन पर काम पर लौटे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , तिलहर नगर स्थित सरकारी अस्पताल में वैक्सीन लगाने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी और उसके साथियों द्वारा की गई मारपीट के विरोध में अस्पताल के सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। पीड़ित कर्मचारी सुशील शर्मा ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित की पत्नी संगीता ने एडीएम अरविंद कुमार को बताया कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं और परिवार को खतरा है।। हड़ताल की सूचना मिलते ही एडीएम वित्त अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को फोन कर आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एडीएम ने आश्वासन दिया कि वह जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराएंगे और पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। एडीएम के आश्वासन के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दी और काम पर वापस लौट गए।


## भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# 7 महीने में ईरान ने 14 लाख अफगानी जबरन निकाले

## मारा-पीटा, पैसे छीने, नाबालिगों को बिना मां-बाप सीमा पार भेजा, जासूसी-आतंकी हमले के आरोप लगाए

एजेंसी

तेहरान / काबुल, ईरान में जनवरी से अब तक 14 लाख से ज्यादा अफगानों को जबरन निकाल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र (वठ) की शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक ईरान और अफगानिस्तान की सीमा पर हर दिन करीब 20 हजार अफगान शरणार्थी जबरन वापस भेजे जा रहे हैं। ये सिलसिला पिछले महीने ईरान-इजराइल के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद तेजी से बढ़ा। ईरान ने 24 जून से 9 जुलाई के बीच, यानी महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर कर दिया। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, नहीं तो उन्हें जबरन निकला जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अफगानी इजराइल और अमेरिका के लिए जासूसी, आतंकी हमले और ड्रोन बनाने में शामिल हैं। कई अफगानों ने मीडिया को बताया की उनके साथ मार-पीट की गई और पैसे भी छीन लिए गए। वहीं, कई नाबालिग बच्चों को बिना बड़ों के ही अफगानिस्तान भेज दिया



गया। न्यूयॉर्क टाइम्स को लोगों ने बताया कि उनके पास न तो पर्याप्त सामान है और न ही भविष्य की कोई उम्मीद। 42 साल तक ईरान में मजदूरी करने वाले मोहम्मद अखुंदजादा ने कहा, ₹मैंने 42 साल तक ईरान में मेहनत की, मेरे घुटने टूट गए और अब मुझे क्या मिला ?₹ ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपए मांगे। फिर दो दिन डिटेंशन सेंटर में रखा। इस दौरान न खाना दिया गया और न ही पानी। बशीर के मुताबिक अधिकारी उसे गालियां देते थे। एक दूसरे युवक ने बताया कि उसके पिता को जासूसी के आरोप में पकड़कर कैद कर दिया गया। उन्हें खाना-पानी नहीं दिया गया और बाद में डिटेन करके अफगानिस्तान भेज दिया। द गार्जियन से बात करते हुए एक अफगान महिला ने बताया कि, ईरानी अधिकारी रात में आए। उन्होंने बच्चों के कपड़े तक नहीं लेने दिए। हमें कूड़े की तरह फेंक दिया। रास्ते में बैंक कार्ड से पैसे निकाल लिए। पानी की बोतल के 80 रुपए और सैंडविच के 170 रूपए वसूले। इजराइल के साथ युद्ध के बाद ईरान में अफगानों के खिलाफ नस्लीय हमले बढ़ गए हैं। कई अफगानों ने बताया कि उन्हें गालियां दी गईं, चाकू से हमले हुए और उनकी मजदूरी तक छीन ली गई। बैंकों, स्कूलों, अस्पतालों और दुकानों ने भी अफगानों को सेवा देने से मना कर दिया है। एब्राहिम कादेरी ने मीडिया को बताया कि वो तेहरान में एक कार्डबोर्ड फैक्ट्री में काम करते थे, वहां कुछ लोगों ने उन्हें गंदा अफगान कहकर पीटा और चाकू से घायल कर दिया। उनकी मां गुल दास्ता फजिली ने कहा कि चार अस्पतालों ने उनके बेटे का इलाज करने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह अफगान था। 35 साल की फराह, जो तेहरान में कंप्यूटर इंजीनियर हैं, ने बताया कि पड़ोस के युवकों ने उन पर और उनके 4 साल के बेटे पर हमला किया। ईरान से निकाले गए लोगों में सैकड़ों नाबालिग बच्चे हैं, जिनमें कई अनाथ और अकेले हैं। यूएन के अनुसार, हर हफ्ते सैकड़ों बच्चों को बिना अभिभावकों के सीमा पर पाया जा रहा है। अफगानिस्तान के पश्चिमी सीमा पर इस्लाम कला नामक शहर में एक भीड़भाड़ वाला प्रोसेसिंग सेंटर है, जहां निकाले गए लोगों को रखा जा रहा है। इन शरणार्थियों की वापसी से अफगानिस्तान की पहले से खराब अर्थव्यवस्था और बिगड़ रही है। ईरान में रहने वाले अफगान अपने परिवारों को पैसा भेजते थे, जो अब बंद हो गया है। अफगानिस्तान की 4.1 करोड़ आबादी में से आधी से ज्यादा पहले ही मानवीय सहायता पर निर्भर है।

# किम-जोंग का ड्रीम रिसॉर्ट रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से बंद

## 11 साल में बनकर तैयार हुआ था; 25 दिन पहले ही खोला गया

एजेंसी

प्योंगयांग, उत्तर कोरिया ने अपने मशहूर वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट को विदेशी पर्यटकों के लिए अचानक बंद कर दिया है। उत्तर कोरिया सरकार इस रिसॉर्ट के जरिए विदेशी टूरिस्ट्स को लुभाकर अपने फॉरेन करेंसी रिजर्व को बढ़ाना चाहती थी। यह रिसॉर्ट को नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन का ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब इसके अचानक बंद होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। वॉनसन-काल्मा बीच रिसॉर्ट उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर बसा एक शानदार टूरिस्ट स्पॉट है। इसे 2014 में बनाना शुरू किया गया था। यह उत्तर



कोरिया का 'हवाई' कहा जाता था। इसे 24 जून को लोकल टूरिस्ट्स के लिए खोला गया था। रिसॉर्ट में लग्जरी होटल, समुद्र तट, वाटर पार्क और शॉपिंग सेंटर जैसी सुविधाएं हैं। इस रिसॉर्ट में एक साथ लगभग 20,000 लोग ठहर सकते हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक टूरिज्म वेबसाइट ऊढफ कोरिया टूर ने बिना कोई ठोस कारण बताए कहा कि रिसॉर्ट अस्थायी रूप से बंद किया गया है, लेकिन कुछ खबरों में दावा किया जा रहा है कि एक रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से इसे बंद करना पड़ा है। दरअसल ये पत्रकार रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ रिसॉर्ट गया था और उसने बताया कि वहां मौजूद 'पर्यटक' असल टूरिस्ट्स नहीं हैं, बल्कि इन्हें सरकार ने भेजा था। इस खुलासे के बाद उत्तर कोरिया की साख को नुकसान पहुंचा था। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि रिसॉर्ट को चलाने में भारी खर्च आ रहा था।

अगर विदेशी सैलानी नहीं आएंगे, तो रूबल, युआन या डॉलर जैसी विदेशी मुद्रा नहीं मिलेगी। इससे रिसॉर्ट को चलाना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा, हो सकता है कि रिसॉर्ट को पूरी तरह तैयार करने या कुछ और आंतरिक कारणों से ये फैसला लिया गया हो।

वहीं, साउथ कोरिया के कोरिया इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल यूनिफिकेशन के एक्सपर्ट ओह ग्योंग-सियोब का कहना है कि उत्तर कोरिया ने विदेशी पर्यटकों को रिसॉर्ट में आने की इजाजत देने से होने वाले नकारात्मक परिणामों के डर से यह फैसला लिया।

# गाजा के कैथोलिक चर्च पर इजराइली हमला, 3 की मौत

## नेतन्याहू ने अफसोस जताया, कहा- गलती से गोला चर्च पर गिरा

एजेंसी

तेल अवीव / गाजा, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को गाजा के एकमात्र होली फैमिली कैथोलिक चर्च में टैंक की गोलीबारी में तीन लोगों की मौत पर अफसोस जताया। दरअसल, गुरुवार को गाजा के फैमिली कैथोलिक चर्च पर इजराइली टैंक से हमला हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हुए, जिनमें एक पादरी भी शामिल हैं। हमला सुबह लगभग 10:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। इस चर्च में सैकड़ों विस्थापित लोगों ने शरण ले रखी थी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे लेकर फोन पर बातचीत की। नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला गलती से हुआ, जिसमें एक गोला चर्च पर जा गिरा। नेतन्याहू ने कहा, ₹हर निर्दोष की जान का जाना भयानक नुकसान है।₹ इजराइली सेना ईडफ ने भी जांच के बाद कहा कि एक गोले का टुकड़ा गलती से चर्च पर गिरा। सेना का दावा है कि उसने नागरिकों और धार्मिक स्थलों को नुकसान से बचाने की पूरी कोशिश की। इजराइली सेना ने कहा कि एक गोले का टुकड़ा गाजा सिटी में सैन्य कार्रवाई के दौरान गलती से चर्च पर गिर गया। इसकी जांच की जा रही है। अमेरिका के व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि



ट्रम्प और नेतन्याहू के बीच इस हमले को लेकर तनावपूर्ण बातचीत हुई। उन्होंने कहा, ₹प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को बताया कि कैथोलिक चर्च पर हमला करना इजराइलियों की एक भूल थी।₹ इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में इजराइल के हालिया हमलों की कड़ी निंदा की है। मेलोनी ने एक्स पर लिखा, ₹इजराइल के गाजा में हमलों ने होली फैमिली चर्च को भी निशाना बनाया। महीनों से नागरिकों पर किए जा रहे ये हमले बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। कोई भी सैन्य कार्रवाई इस व्यवहार को सही नहीं ठहरा सकती।₹ मेलोनी ने मई में कहा था कि इजराइल को अपने सैन्य अभियानों में अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए। वहीं, लैटिन पैट्रिआर्केट ऑफ जेरूसलम (कैथोलिक चर्च का एक ग्रुप) ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने बताया कि हमले के समय चर्च में करीब 600 लोग शरण लिए हुए थे। लैटिन पैट्रिआर्केट कार्डिनल पियेरबातिस्ता पिज्जाबाला ने बताया हमले में पादरी फादर गैब्रियल रोमानेली सहित कई लोग घायल हुए। वेटिकन ने इस हमले को सैन्य हमला बताया और पोप लियो की ओर से शोक व्यक्त किया। पोप ने मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के ठीक होने की प्रार्थना की।

होली फैमिली कैथोलिक चर्च, गाजा में स्थित कैथोलिक चर्च अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी दिवंगत पोप फ्रांसिस के साथ निकटता के लिए जाना जाता है। गाजा में चल रहे युद्ध के दौरान, पोप फ्रांसिस इस चर्च के समुदाय के साथ फोन पर संपर्क में रहते थे। वे चर्च के पादरी और वहां शरण ले रहे लोगों से बात करते थे, ताकि उनकी स्थिति का जायजा ले सकें और उनका हौसला बढ़ा सकें।

# शिकागो में ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ बड़ा विरोध-प्रदर्शन

## हजारों लोग सड़कों पर उतरे, ट्रम्प को तनाशाह बताते हुए मार्च निकाला

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की विवादास्पद नीतियों के खिलाफ गुरुवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। अप्रवासियों को डिपोर्ट करने और गरीबों के लिए मेडिकेड सुविधाओं में कटौती के विरोध में 1600 से ज्यादा जगहों पर प्रदर्शन आयोजित हुआ। इन प्रदर्शनों को 'गुड ट्रबल लिव्स ऑन' नेशनल डे ऑफ एक्शन नाम दिया गया है, जो दिवंगत सांसद और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जॉन लुइस को समर्पित है।




आयोजकों ने लोगों से प्रदर्शनों को शांतिपूर्ण रखने की अपील की। शिकागो इन विरोध-प्रदर्शन का मुख्य सेंटर था। दोपहर में शहर के डाउनटाउन में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए। शिकागो में आयोजित रैली में एक कैंडल मार्च निकाला गया। पब्लिक सिटिजन ग्रुप की को-प्रेसिडेंट लिसा गिल्बर्ट ने मंगलवार को कहा- हम अपने देश के इतिहास के सबसे डरावने दौर से गुजर रहे हैं। हमें सरकार में बढ़ती तानाशाही रवैये और कानून के उल्लंघन का सामना करना पड़ रहा है, जो हमारी लोकतांत्रिक आजादी और अधिकारों को चुनौती दे रहा है। पब्लिक सिटिजन ग्रुप एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन (एनजीओ) है, जो बड़े कॉर्पोरेट घराने के खिलाफ काम करता है। ये प्रदर्शन खास तौर पर अटलांटा, सेंट लुइस, ओकलैंड (कैलिफोर्निया) और एनापोलिस (मैरीलैंड) में होने की प्लानिंग है। जॉन लुइस का 2020 में 80 साल की उम्र में कैंसर की वजह से निधन हो गया था। वे ह्यूमन राइट आंदोलन के ₹बिग सिक्सर₹ नेताओं में से एक थे, जिसकी लीडरशिप मार्टिन लूथर किंग जूनियर कर रहे थे। लुइस ने 1965 में 'ब्लडी संडे' मार्च निकाला था, जिसमें वोटिंग अधिकारों के लिए 600 लोग अलबामा के एडमंड पेट्टस ब्रिज पर मार्च कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान लुइस की खोपड़ी टूट गई थी। इस घटना ने वोटिंग राइट्स एक्ट 1965 को पारित करने में अहम भूमिका निभाई थी। ट्रम्प सरकार ने लॉस एंजिलिस में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था।

# पूर्व सीएम भूपेश के घर-रेड, बेटे चैतन्य बघेल को शराब घोटाले में ईडी ने किया गिरफ्तार



एजेंसी

करोड़ों रुपये के कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जाँच में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उनके भिलाई-3 स्थित आवास पर तड़के हुई छापेमारी के तुरंत बाद हुई, जिससे राज्य के शराब व्यापार से जुड़ी ईडी की धन शोधन जाँच में एक बड़ी प्रगति हुई है। चैतन्य के जन्मदिन के अवसर पर हुई यह गिरफ्तारी एजेंसी को मिले नए सुरागों के बाद हुई है। एजेंसी 2019 से 2022 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले शासन के दौरान शराब की बिक्री और वितरण में हेराफेरी के माध्यम से जनता के पैसे की हेराफेरी में कथित रूप से शामिल सरकारी अधिकारियों, व्यापारियों और राजनीतिक हस्तियों के एक बड़े नेटवर्क की जाँच कर रही है। सुबह-सुबह छापा और पिछली कार्रवाईसुबह करीब 6:00 बजे, सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी के अधिकारी तीन वाहनों में सवार होकर बघेल के आवास पर तलाशी लेने पहुँचे। यह छापा उस व्यापक जाँच का हिस्सा है

**सुबह करीब 6:00 बजे, सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी के अधिकारी तीन वाहनों में सवार होकर बघेल के आवास पर तलाशी लेने पहुँचे। यह छापा उस व्यापक जाँच का हिस्सा है जिसके तहत एजेंसी मार्च 2025 में दुर्ग जिले में 14 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है, जिनमें बघेल और शराब कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल (उर्फ पप्पू बंसल) से जुड़ी संपत्तियाँ भी शामिल हैं। उस कार्रवाई में नकदी जब्त की गई थी और नोट गिनने वाली मशीनों का इस्तेमाल किया गया था, जो बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा करता है।**

जिसके तहत एजेंसी मार्च 2025 में दुर्ग जिले में 14 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है, जिनमें बघेल और शराब कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल (उर्फ पप्पू बंसल) से जुड़ी संपत्तियाँ भी शामिल हैं। उस कार्रवाई में नकदी जब्त की गई थी और नोट गिनने वाली मशीनों का इस्तेमाल किया गया था, जो बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा करता है।

### शराब घोटाले से 2,161 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान

ईडी के अनुसार, इस घोटाले से राज्य के खजाने को 2,161 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। कथित अवैध सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के माध्यम से संचालित होता था, शराब बनाने वालों से रिश्वत लेता था।

# राजनाथ सिंह के आवास पर बीजेपी नेताओं की बड़ी बैठक

**सूत्रों ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।**

## अमित शाह भी रहे मौजूद



एजेंसी

संसद के मानसून सत्र से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक रणनीतिक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल खट्टर, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

यह बैठक संसद भवन एनेक्सी के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग होगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, बैठक सुबह 11:00 बजे शुरू होगी। सरकार ने पहले संसद के मानसून सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की थी, जो संभवतः 21 अगस्त तक समाप्त होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने पहले बताया था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक संसदीय बुलेटिन के अनुसार, सदन 12 अगस्त को स्थगित होकर 18 अगस्त को फिर से बैठक करेगा। केंद्र सरकार मानसून सत्र में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025 सहित कई विधेयकों को पेश और पारित करने पर विचार कर सकती है। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, सरकार जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक 2025, खान और खान (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पेश करने और पारित करने के लिए उठाएगी।

# दर्द से करहाते दिखे प्रशांत किशोर, आरा में रैली के दौरान को लगी चोट, इलाज के लिए पटना रवाना

**किशोर ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा, हमने जानबूझकर वह दिन चुना है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार आ रहे हैं और वह अपनी बड़ी-बड़ी बातों से लोगों को लुभाने की कोशिश करेंगे।**



एजेंसी

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर आज आरा में अपने रोड शो के दौरान पसलियों में चोट खा बैठे। चोट लगने के बाद उन्हें पार्टी के मंच पर लाया गया। उनकी पार्टी के नेताओं का कहना है कि रोड शो के दौरान लोगों से मिलने के लिए वह अपनी कार से बाहर झुक रहे थे और इसी दौरान उन्हें चोट लग गई। फिलहाल उन्हें इलाज के लिए पटना लाया गया है। इससे पहले भोजपुरी गायक रितेश पांडे और हिमाचल प्रदेश कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी जयप्रकाश सिंह शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। किशोर ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा, हमने जानबूझकर वह दिन चुना है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार आ रहे हैं और वह अपनी बड़ी-बड़ी बातों से लोगों को लुभाने की कोशिश करेंगे।

# पीएम मोदी के बिना 150 सीटें भी नहीं जीत पाते : निशिकांत दुबे

**निशिकांत दुबे ने कहा कि अगले 15-20 सालों तक मुझे सिर्फ. पीएम मोदी ही नजर आते हैं। और ऐसा सिर्फ.इसलिए नहीं है कि वो प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी के आने पर वो वोट बैंक, जो कभी बीजेपी का वोट बैंक नहीं था, खासकर समाज का गरीब तबका, बीजेपी का वोट बैंक बन गया।**

## निशिकांत दुबे बोले- 2029 में उनके ही नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी

झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई बड़ी बात कही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि भाजपा उनके बिना नहीं चल सकती। दुबे ने कहा कि अगले 15 से 20 सालों तक, मैं सिर्फ.मोदी को ही नेतृत्व करते देखता हूँ। उनके बिना, भाजपा 150 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए 'दिल्ली अभी खाली नहीं है' वाली टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, दुबे ने कहा कि दिल्ली में




नेतृत्व परिवर्तन का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि 2029 का चुनाव भी मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। निशिकांत दुबे ने कहा कि अगले 15-20 सालों तक मुझे सिर्फ.पीएम मोदी ही नजर आते हैं। और ऐसा सिर्फ. इसलिए नहीं है कि वो प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी के आने पर वो वोट बैंक, जो कभी बीजेपी का वोट बैंक नहीं था, खासकर समाज का गरीब तबका, बीजेपी का वोट बैंक बन गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर पीएम मोदी हमारे नेता नहीं होंगे, तो मेरी बात याद रखना, बीजेपी 150 सीटें भी नहीं जीत पाएगी... बीजेपी को 2029 का चुनाव भी पीएम मोदी के नेतृत्व में ही लड़ना है।दुबे ने आगे कहा कि 2014 के बाद सोशल मीडिया का जमाना है। इस देश के 140 करोड़ लोग पत्रकार हैं। पहले नियंत्रित पत्रकारिता होती थी, अब अनियंत्रित है। उन्होंने कहा क प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोई डीप स्टेट काम नहीं कर सकता। इसकी वजह ये है कि प्रधानमंत्री हर चीज को व्यक्तिगत रूप से संभालते हैं। उनसे कुछ भी छिपा नहीं है। दूसरी बात, आम लोगों से उनका जुड़ाव है। मैं जब भी उनसे मिलता हूँ, वो मुझे मेरे क्षेत्र के बारे में कुछ ऐसा बताते हैं जिससे मैं वाकिफ नहीं होता।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद में भटक रहे वृद्ध की मौत

**कलेक्ट्रेट में वकील से बात करते समय गिरे 72 वर्षीय किसान, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया**

सुलतानपुर, न्याय की गुहार लगाते-लगाते एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। जबलपुर से आए 72 वर्षीय ओमप्रकाश तिवारी अपने मित्र राधे लाल यादव के साथ कलेक्ट्रेट में शिकायत करने पहुंचे थे। वह कलेक्ट्रेट में वकील से बात कर रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े। ओमप्रकाश की पैतृक जमीन धनपतगंज के बहादुरपुर में स्थित है। उनके चचेरे भाइयों ने इस जमीन को अपने नाम करवा लिया था। पिछले चार वर्षों से वह इस मामले में न्याय के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने कलेक्ट्रेट से लेकर कमिश्नर कार्यालय तक चक्कर लगाए। एक दिन पहले उन्हें कलेक्ट्रेट से बल्दीराय भेजा गया। वहां एसडीएम मंजुल मयंक ने कोई सहायता नहीं की। इसलिए वह आज फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। घटना के बाद उन्हें तुरंत राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है।

### मंडी समिति में भ्रष्टाचार की जांच शुरू

**डिप्टी डायरेक्टर ने व्यापारियों से मांगे साक्ष्य, संविदा बाबू को किया कार्यमुक्त**

सुलतानपुर, मंडी समिति अमहट में भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्रवाई शुरू हो गई है। व्यापारियों और मंडी सब्जी फल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने 19 जून को यह शिकायत भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री से की थी। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने इस मामले को निदेशक मंडी परिषद इंद्र विक्रम सिंह के संज्ञान में लाया। निदेशक ने डिप्टी डायरेक्टर को जांच का आदेश दिया। उप जिलाधिकारी ने त्रिपाठी से साक्ष्य और सबूत मांगे हैं। व्यापारी साक्ष्य और सबूत इकट्ठा कर शपथ पत्र के साथ जांच अधिकारी को सौंपेंगे। इस संबंध में आज प्रदेश मंत्री त्रिपाठी की मौजूदगी में भारतीय फल एवं सब्जी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद शमी की अध्यक्षता में बैठक हुई। त्रिपाठी ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को हटाने की मांग भी की।

### दहेज में कार की मांग, पति ने दिया तीन तलाक

**सुल्तानपुर में पत्नी से मारपीट, ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज**

सुलतानपुर, एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। महिला का निकाह 7 मार्च 2022 को जयसिंहपुर के सोनारा गांव निवासी हसनैन खान से हुआ था। शादी में परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। कुछ दिन बाद पति हसनैन खान, ससुर दिलशाद खान, सास जैनब खातून और देवर नूरैन ने दहेज में चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर दी। पति ने कहा कि वह मुंबई में दूसरे की गाड़ी चलाता है और अपनी गाड़ी चाहिए।

# दरोगा रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जमीन विवाद में नाम हटाने के लिए रुपए मांगे थे, एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, करछना थाने में तैनात एसआई अभिनव सिंह को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे की गई। एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। टीम ने गिरफ्तारी के बाद एसआई को अपनी गाड़ी में बैठाकर साथ ले गई। अधिकारियों की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि करछना थाना में हल्का नंबर तीन के दरोगा अभिनव सिंह को जमीन के मामले में दर्ज किए मुकदमे में नाम हटाने को लेकर पीड़ित से मांगी गई रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के लिए दो गाड़ियों से भरकर टीम देवरी खुर्द गांव में पहुंची थी। जहां एक भट्ठे मालिक से जुदा



मामला बताया जा रहा है। फिलहाल आरोपी देगा को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। प्रयागराज में करछना में तैनात हल्का तीन से दरोगा अभिनव सिंह को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम प्रयागराज ने दबोच लिया और गिरफ्तार करके गाड़ी में बैठाकर साथ ले गई। पूरा मामला केस को हल्का करने के मामले में चौकी प्रभारी पच्चास हजार रुपए लेने गए थे। पूरा मामला यह था कि देवरी खुर्द गांव में विगत कुछ दिनों पूर्व गरीब परिवार अपना मकान तोड़कर नया निर्माण कर रहा था और मकान बनाने में अड़चन डाला जा रहा था। उसी मामले में विवाद चल रहा था। गरीब परिवार के घर पर जाकर पड़ोसियों द्वारा पिलर को हिलाकर तोड़ने की कोशिश के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी मामले में करछना थाने में तैनात दरोगा अभिनव सिंह ने केस को हल्का करने के लिए 50 हजार रुपए लेने पहुंचे थे।

उसी दौरान एंटी करप्शन टीम को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# खतरे की रील बनाते समय किशोर गंगा में बहा

**प्रयागराज में 10 मिनट तक छटपटाता रहा, लोग वीडियो बनाते रहे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, खतरे की रील बना रहा किशोर गंगा नदी में बह गया। 12वीं का छात्र दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहाने गया था। गहरे पानी में जाकर रील बना रहा था। तभ अचानक डूबने लगा। करीब 10 मिनट तक बचाने के लिए चिल्लाता रहा। फिर तेज धार में बह गया। इस दौरान नदी किनारे खड़े लोग उसका वीडियो बनाते रहे, नदी के उफान को देखते हुए किसी ने भी किशोर को बचाने की हिम्मत नहीं की। दोस्तों की सूचना पर 30 मिनट बाद गोताखोर पहुंचे और तलाश शुरू की। देर शाम तक किशोर की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। झूंसी स्थित छतनाग सोहम आश्रम घाट की है। किशोर 12वीं में पढ़ता था। खतरों से भरी रील बनाने का शौकीन था। सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। झूंसी के कोहना गांव निवासी अल्कैफ (17) चार भाई-



बहनों में तीसरे नंबर का था। वह पास के ही स्कूल में 12वीं में पढ़ता था। वह अपने दो दोस्तों के साथ गंगा में छतनाग सोहम आश्रम घाट पर नहाने आया था। वह पानी के बीच खड़ा होकर रील बना रहा था। उसके दोस्त भी पास में ही नहा रहे थे। रील बनाते-बनाते अल्कैफ गहराई में चला गया। नदी में नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे तेज बहाव में वह फंस गया। वह बचाओ- बचाओ चिल्लाने लगा। लेकिन बहाव तेज होने के कारण घाट किनारे खड़े लोगों ने उसे बचाने की हिम्मत नहीं की। कुछ लोग उसके डूबने का वीडियो बनाते रहे। अल्कैफ के दोस्तों ने घाट पर मौजूद पुलिस को सूचना दी। साथ ही घर वालों को भी बताया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू की। बहाव अधिक तेज होने के कारण उसका पता नहीं चल सका। झूंसी पुलिस चौकी इंचार्ज दीपक जायसवाल ने गोताखोरों की टीम के साथ खोज अभियान शुरू किया। देर रात तक किशोर का कोई पता नहीं चल सका था।

सुबह से फिर से गोताखोर किशोर की तलाश में जुटे हैं। अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि अल्कैफ अक्सर रील बनाता था। उसका शौक खतरों से भरी रील बनाना था। जिसकी वजह से ही वह गंगा की गहराई में जाकर रील बना रहा था। तभी वह तेज बहाव में वह बह गया। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है।

# सावन में हरी चूड़ियों की बढ़ी मांग

- 25 से 60 रुपए प्रति दर्जन बिक रहीं, चूड़ी विक्रेताओं में खुशी का माहौल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, सावन के पवित्र महीने में हरी चूड़ियों की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है। बाजार में इन चूड़ियों की कीमत 25 रुपए से लेकर 60 रुपए प्रति दर्जन तक है। साथ ही डिजाइनर चूड़ियां भी उपलब्ध हैं। हिंदू धर्म में सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का विशेष समय माना जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने सोलह श्रृंगार में हरी चूड़ियों को प्राथमिकता देती हैं। हरी चूड़ियां शुभ मानी जाती हैं, जिस कारण चूड़ी की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदार संगीता मौर्या के अनुसार, बाजार में सादी और डिजाइनर दोनों तरह की चूड़ियां उपलब्ध हैं। एक ग्राहक ने बताया कि सावन में हरी चूड़ियां पहनने का विशेष महत्व है, इसलिए महिलाएं इन्हें खरीदना पसंद करती हैं। बाजारों में बढ़ी रौनक चूड़ी विक्रेताओं के लिए



यह समय व्यापार की दृष्टि से बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। दुकानों पर ग्राहकों की बढ़ती संख्या से बाजार में रौनक बनी हुई है। विभिन्न डिजाइन और रंगों में उपलब्ध चूड़ियों में हरे रंग की चूड़ियों की बिक्री सबसे अधिक हो रही है।

# जिम मालिक से बिजली विभाग की वसूली

**कनेक्शन नहीं दिया, फिर चोरी का आरोप लगाकर एक लाख रिश्वत ली; अधिकारी करने लगे फ्री जिम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दरियापुर में बिजली विभाग द्वारा एक जिम मालिक के साथ कथित तौर पर अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। विवेक सोनी ने 6 अप्रैल को फिटनेस एम्पायर नाम से जिम खोला। उद्घाटन से पहले उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया। विभाग ने उसी परिसर में पिछले किरायेदार के बकाया बिल का हवाला देकर कनेक्शन देने से मना कर दिया। जिम की तैयारियां पूरी होने के कारण विवेक के आग्रह पर विभाग ने बिजली लाइन खींच दी। उद्घाटन के दो दिन बाद ही विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी का आरोप लगा दिया। विवेक को एक लाख रुपये देकर मामला सुलझाना पड़ा। इसके बाद विजिलेंस टीम के कहने पर कुछ पुलिस कर्मी और विभाग के कर्मचारी मुफ्त में



जिम का उपयोग करने लगे। विवेक अब तक नियमित बिजली कनेक्शन के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं। अधीक्षण अभियंता ने एक बार फिर छापेमारी कर बिजली चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने न केवल कनेक्शन काट दिया बल्कि लाखों का जुमार्ना भी लगा दिया। इस पूरे प्रकरण में उपभोक्ता परेशान है और उसकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। विवेक सोनी लगातार विभाग के चक्कर लगा रहा था, लेकिन परिसर में बिजली का बिल बकाया होने के चलते उसका आवेदन दो बार खारिज कर दिया गया। बुधवार को अधीक्षण अभियंता दल-बल के साथ निरीक्षण करने निकले तो एक बार फिर पूरा काफिला फिटनेस एम्पायर पहुंच गया और अवैध रूप से 12 किलोवाट का भार दिखाकर विद्युत चोरी का केस दर्ज करवा दिया।

# भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष की मौत

- परिवार ने कहा- मवेशी से टक्कर की बात गलत, हत्या की आशंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राहुल दूबे की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। इस घटना में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम के बाद जब एक बजे राहुल का शव घर पहुंचा, तो मां बेसुध हो गईं। तीनों बहनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग और भाजपा नेता परिवार को सांत्वना देने की कोशिश करते रहे। घटना के समय राहुल के साथ मौजूद दोस्त ने सबसे पहले परिजनों को सूचना दी थी। उसने बताया था कि आवारा मवेशी से बाइक टकरा गई, जिससे वे घायल हो गए। हालांकि, मृतक के चाचा वेदप्रकाश ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि घटनास्थल और राहुल की शारीरिक स्थिति से ऐसा नहीं लगता कि उनकी



मौत दुर्घटना में हुई है। अमेठी कोतवाल रवि कुमार सिंह ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एआरटीओ कार्यालय में पत्थरबाजी का मामला

**आरटीओ प्रवर्तन ने की जांच, कहा- अराजकतत्वों ने बनाया दबाव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एआरटीओ कार्यालय में हुई पत्थरबाजी की घटना की जांच के लिए आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत सिंह पहुंचे। उन्होंने एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता से घटना की विस्तृत जानकारी ली। एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता की निजी गाड़ी पर कुछ दबंगों ने पत्थरबाजी कर दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एआरटीओ की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरटीओ प्रवर्तन ने कार्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद आवेदकों से भी बातचीत की। आरटीओ ने बताया कि कुछ



अराजकतत्वों ने अपना काम करवाने के लिए एआरटीओ पर दबाव बनाया। जब काम नहीं हुआ तो उन्होंने गाड़ी पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कार्यालय में अनावश्यक व्यक्ति न घुसें और लोगों का काम आसानी से हो। सभी लिपिक काउंटर पर बैठे हैं और आवेदक बाहर से ही अपना काम करवा रहे हैं। बाहरी व्यक्तियों द्वारा कार्यालय में काम करवाने के मामले में उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा पाया जाता है तो संबंधित लोगों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीजीआईसी की शिक्षिका के खिलाफ जांच शुरू

**अलीगढ़ में टीचर से परेशान होकर छात्रा ने खाया था जहर , एम्स किया गया रेफर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, राजकीय कन्या इंटर कालेज खैर में छात्रा से दुर्व्यवहार करने वाली शिक्षिका के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा के जहर खाने के बाद जहां पुलिस ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, वहीं शिक्षा विभाग ने सारे प्रकरण की विभागीय जांच बैठाई है। अधिकारियों की टीम सारे मामले की जांच करेगी और छात्रा और उसके परिवार के बयान भी दर्ज करेगी। वहीं आरोपी शिक्षिका के बयान भी दर्ज किए जाएंगे और कालेज में अन्य छात्राओं से पूछताछ की जाएगी। जिससे कि सारे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपेगी, जिसके बाद



शिक्षिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। खैर के राजकीय कन्या इंटर कालेज की 9वीं की छात्रा आरोनी पुत्री सोमवीर गुरुवार को कालेज गई थी। आरोपी है कि यहां उसकी क्लास टीचर उमा ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे क्लास के बाहर निकाल दिया। इसके बाद छात्रा का भाई कालेज पहुंचा। शिक्षिका ने भाई के सामने भी छात्रा को खरी खोटी सुनाई और कहा कि उसका स्कूल से नाम काट दिया जाएगा। जिसके बाद छात्रा परेशान हो गई थी और उसने घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद उसे सीएचसी लाया गया था, जहां से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज से उसे एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद पीड़िता छात्रा के भाई अभय पुत्र सोमवीर ने खैर थाने में तहरीर देकर मुदकमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि आरोपी शिक्षिका उमा उसकी बहन से रंजिश मानती हैं। आए दिन उसे छोटी-छोटी बातों पर परेशान करती हैं और मारपीट करती हैं। जब वह उनसे बात करने पहुंचा तो भी शिक्षिका ने यही किया, जिसके कारण उसकी बहन ने आत्मघाती कदम उठाया है।

# महिला वकीलों में मारपीट

**जमकर चले लात घूंसे, एक-दूसरे की चोटी को पकड़कर खींचा; कलेक्ट्रेट परिसर का मामला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, कलेक्ट्रेट पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब वहां पर दो महिला वकील आपस में भिड़ गई। महिला वकीलों में जमकर लात घूंसे चले। महिला वकीलों के बीच मारपीट होती देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह लोगों ने दोनों महिला वकीलों को अलग किया और मामले को शांत किया। मथुरा के थाना सदर बाजार क्षेत्र कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के पास उस समय हंगामा



खड़ा हो गया जब वहां दो वकील आपस में भिड़ गईं। भिड़ंत ऐसी कि कुछ ही देर में मौके पर अच्छी खासी भीड़ हो गई। दोनों महिला वकील एक दूसरे की चोटी पकड़ कर मारपीट करने लगी। मथुरा कलेक्ट्रेट में महिला वकीलों के बीच हुई मारपीट की वजह साफ नहीं है। लेकिन बताया जा रहा है चैंबर को लेकर आपस में मारपीट हुई है। फिलहाल मौके पर मौजूद लोग और वकीलों ने दोनों को किसी तरह शांत कर दिया। इस मारपीट में एक महिला वकील का साथ देते हुए एक अन्य महिला भी दिखाई दे रही है वह कौन है यह भी नहीं पता चल सका। कलेक्ट्रेट परिसर में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है यह वीडियो शुक्रवार का है। वायरल वीडियो में 3 महिलाएं आपस में मारपीट करती दिखाई दे रही हैं।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने की पहल

**मुखबिर को 60 हजार और गुप्तचर महिला को 1 लाख रुपए का इनाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, तहसील सदर के सभागार में पीसीपीएनडीटी के तहत लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बेटियों को लेकर समाज की सोच में बदलाव आया है। बेटियां पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर हो रही हैं और परिवार का आर्थिक बोझ भी उठा रही हैं। एडिशनल सीएमओ जे.सी सरोज ने लिंगानुपात के आंकड़े साझा किए। केरल में प्रति 1000 पुरुषों पर 1084 महिलाएं हैं। पांडिचेरी में यह आंकड़ा 1037 और हरियाणा में 879 है। दमन दीव में सबसे कम 618 महिलाएं हैं। उत्तर प्रदेश और सुल्तानपुर में यह अनुपात 922 है। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए विभाग ने विशेष योजना बनाई है। मुखबिर को 60 हजार रुपए और गुप्तचर महिला को एक लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है।

# 117 स्कूलों के विलय का विरोध

**छात्रों ने तख्तियों के साथ किया प्रदर्शन, कहा- पाठशाला चाहिए, मधुशाला नहीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के नेता जय सिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्कूलों की बहाली की मांग की। जिले में 117 विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में विलय किया गया है। भादर विकासखंड के खाझा ग्रामसभा



स्थित भोजई का पुरवा में प्राथमिक विद्यालय को बंद कर अन्य विद्यालय में मिला दिया गया है। बच्चों के हाथों में मौजूद तख्तियों पर लिखा था 'हमें चाहिए पाठशाला, नहीं चाहिए मधुशाला'। बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की आशंका सपा नेता जय सिंह प्रताप यादव ने कहा कि सरकार की विलय नीति ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। दूर स्थित विद्यालयों में छोटे बच्चों को भेजना व्यवहारिक नहीं है। इससे बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि भोजई का पुरवा में सालों से चल रहे प्राथमिक विद्यालय को अचानक बंद करना अन्याय है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी